# मनरेगा में गड़बड़ी... रोजगार सेवक, कनीय अभियंता, सहायक अभियंता और बीपीओ हटाये गये,संबंधित मुखिया पर प्राथमिकी

➲ **योजना में शामिल दोषियों से राशि वसूलने की तैयारी**

■ उपायुक्त ने की पाटन के हिसरा बरवाडीह पंचायत की मनरेगा योजनाओं में अनियमितता पर कार्रवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के पाटन प्रखंड अंतर्गत हिसरा बरवाडीह पंचायत में संचालित मनरेगा कार्य में अनियमितता करने वालों के खिलाफ उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने कार्रवाई की है।

उन्होंने मनरेगा नियम के विरुद्ध कार्य करने वाले ग्राम रोजगार सेवक सत्येंद्र कुमार, कनीय अभियंता गंगा पासवान, सहायक अभियंता अमरेंद्र कुमार एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रणधीर कुमार जयसवाल की संविदा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी है। साथ ही उपायुक्त ने पंचायत सचिव अभिषेक कुमार को निलंबित करते हुए इनके विरुद्ध प्रपत्र क गठित करने हेतु जिला परिषद के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देशित किया है।




**आंजनेयुलू दोड्डे, उपायुक्त।**

इधर, उपायुक्त ने पाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज तिवारी को हिसरा बरवाडीह पंचायत अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में स्वीकृत/ कार्यान्वित कुल 401 पशु शेड की सभी योजनाओं का स्थलीय सत्यापन कर 15 दिनों के भीतर योग्य तथा अयोग्य लाभुकों को चिन्हित करने के पश्चात मनरेगा कोषांग को प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया है ताकि अयोग्य पाये गये लाभुकों के पशु शेड की योजना को रद्द किया जा सके। साथ ही अयोग्य पाये गये लाभुकों को किया गया गलत भुगतान की राशि की वसूली दोषी कर्मियों से की जा सके।

## बनाया जाना था केवल पांच पशु शेड, बीपीओ ने अवैध ढंग से शुरू करा दिये 401 पशु शेड

मनरेगा आयुक्त के निर्देश आलोक में प्रति पंचायत 5 पशु शेड की योजनाओं का क्रियान्वयन कराया जाना था परंतु हिसरा बरवाडीह पंचायत में बीपीओ ने 401 पशु शेड की योजना को स्वीकृति दी। इस संबंध में उपायुक्त श्री दोड्डे को कई माध्यमों से शिकायत मिली जिसके पश्चात उपायुक्त ने प्रशिक्षु आईएएस से पूरे मामले की जांच करायी। जिसमें बीपीओ के विरुद्ध सभी आरोप सही पाये गये जिसके पश्चात उपायुक्त ने प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रणधीर कुमार जयसवाल की संविदा तत्काल प्रभाव से समाप्त करने की कार्रवाई की।

### मुखिया पर एफआईआर, पंचायती राज विभाग को मुखिया की वित्त शक्ति जब्त करने को लेकर भेजा प्रस्ताव

जांच के क्रम में पाया गया कि हिसरा बरवाडीह पंचायत में उक्त सभी योजनाओं का कार्यान्वयन ग्राम पंचायत स्तर से किया जा रहा है तथा सभी योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति मुखिया द्वारा प्रदान की गयी है। साथ ही द्वितीय हस्ताक्षरी के रूप में राशि का भुगतान हेतु भी ये सीधे जवाबदेह है जिसके बाद पाटन थाने में मुखिया के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

# एचपीएल : विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह व एसडीपीओ पूज्य प्रकाश ने किया उद्घाटन

■ टीम सूर्या के बैनर तले एचपीएल की हुई शुरुआत
■ खेल के प्रति युवाओं में आयेगी जागृति : अजीत
■ आयोजन से खिलाड़ियों में आयेगा निखार: एसडीपीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र में खेल को प्रोत्साहित करने को लेकर टीम सूर्या के बैनर तले हुसैनाबाद में पहली बार हुसैनाबाद प्रीमियर लीग (एचपीएल) का आयोजन किया गया है। इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीमों की बोली लगाकर स्थानीय लोगों ने खरीदा है। आईपीएल की तरह लोकल स्तर पर यह आयोजन एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता युवा नेता सूर्या सिंह ने किया है। एचपीएल के आयोजन से युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

टीम सूर्या के बैनर तले सूर्या सिंह ने पंचायत स्तरीय टूर्नामेंट की शुरुआत अनुमंडल मैदान से की है। यह आगे भी जारी रहेगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि सूर्या सिंह ने हुसैनाबाद के गुलबाग स्टेडियम में एचपीएल की शुरुआत कर युवाओं और खेल प्रेमियों में नई ऊर्जा का संचरण कर दिया है। गांव गांव में युवा खेल के प्रति उत्साहित हैं। एचपीएल का समापन 12 दिसंबर को होगा। समापन के मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह, युवा नेता सूर्या सिंह समेत कई गण्यमान्य लोग शामिल होंगे।

एसडीपीओ पूज्य प्रकाश ने कहा कि इस तरह का आयोजन पलामू प्रमंडल के लिए ऐतिहासिक है। इस तरह के आयोजन से खिलाड़ियों की प्रतिभा में निखार आयेगा।

**खास बातें :** उद्घाटन मैच अंशु अग्रवाल की टीम हैदरनगर ब्लास्टर और रामजी पासवान की टीम डाल्टनगंज दबंग के बीच खेला गया। डाल्टनगंज दबंग की टीम ने टॉस जीत गेंदबाजी का निर्णय लिया। समाचार लिखे जाने तक हैदरनगर ब्लास्टर्स ने सभी विकेट खोकर 140 रनों के लक्ष्य डालटनगंज दबंग को दिया है, जिसका पीछा करते हुए डालटनगंज दबंग ने 7 विकेट पर 16 ओवर में 107 रन बना लिए थे। मौके पर आयोजनकर्ता एसएम रजा, दानिस, असगर खान, दसरथ झा, रामजी पासवान, अफजल हुसैन, अनवर खान, अमित कुमार, जिसान हसन, क्वाल, मिंटू, अनिल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

उन्होंने आयोजन के लिए टीम सूर्या की सराहना की। कहा कि टीम सूर्या के बैनर तले हुसैनाबाद में एचपीएल का आयोजन अपने आप में अनोखा है।

# विधायक के कार्यों से पांकी विधानसभा की जनता में खुशी का माहौल : लाला यादव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

➲ **पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता के नेतृत्व में विकास की गति हुई है तेज**

**मेदिनीनगर।** अनुकंपा के आधार पर पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह विधायक तो बने लेकिन एक जनप्रतिनिधि का फर्ज नहीं निभा सके। सिर्फ सुर्खियों में बने रहना उनकी आदत है। उक्त बातें अधिवक्ता सह समाजसेवी लाला प्रसाद यादव ने कही।

श्री यादव ने कहा कि पूर्व के जनप्रतिनिधियों के द्वारा 15 वर्षों तक पाकी विधानसभा क्षेत्र को अशांत कर दिया गया था ठेकेदारों का राज कायम कर दिया था। आज जब एक गरीबों का मसीहा इमानदारी पूर्वक जनता का जनप्रतिनिधि बन कर अपना कर्तव्य निभा रहा है तो ऐसे लोग को पेट में दर्द होने लग रहा है। आज पूरे पांकी विधानसभा क्षेत्र के वासियों में खुशी का माहौल है। लोग खौफ मुक्त होकर शांति से जीवन यापन कर रहे हैं। पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा यह आरोप लगाया जाता है कि वर्तमान विधायक के द्वारा अभी तक 5 किलोमीटर तक रोड का शिलान्यास नहीं किया गया है तो मैं जनता को बताना चाहता हूं कि पांकी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत एरुआ नसकटवा होटाई तक 6.1 किलोमीटर बन रहे राज्य संपोषित योजना का सड़क के संवेदक पूर्व विधायक



देवेंद्र कुमार सिंह ही है। राजनीति करने के लिए इनके पास किसी तरह का कोई मुद्दा नहीं रह गया है। राज्य संपोषित हो या राज्य प्रायोजित कोई भी योजना हो जिसकी अनुशंसा विधायक के द्वारा ही होता है तो आखिर ऐसे पूर्व विधायक अपनी पीठ थपथपाने क्यों लगते हैं यह समझ से परे है। इन्हें लोकतांत्रिक प्रणाली की जानकारी नहीं है। जब ठेकेदार ही योजना का अनुशंसा कर योजना स्वीकृत करते तो सांसद और विधायक जो लोकतांत्रिक तरीके से चुना जाता है आखिर क्यों चुने जाते हैं। वर्तमान में पांकी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कोई भी ठेकेदार टेंडर डाल सकता है न्यूनतम रेट पर काम लेकर कर सकता है।

## चौक- चौराहे पर अलाव की व्यवस्था करे प्रशासन



**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल के मेदिनीनगर, गढवा व लातेहार जिला में तापमान में भारी गिरावट आई है। ठिठुरन और शीतलहर के शिकार गरीब मजदूर व सड़क किनारे रह कर जीविकोपार्जन करने वाले लोग व रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड पर सवारी को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह गढ़वा जिला प्रभारी सतीश कुमार ने बढ़ते ठंड को देखते हुए गरीबों को कंबल उपलब्ध कराने की मांग की है। साथ ही कहा कि जिला प्रशासन हर चौक चौराहे पर अबिलंब अलाव की व्यवस्था करे ताकि इन्हें बचाया जा सके। कहा कि प्रशासन गरीब लोगों के बीच ईमानदारी से कंबल बितरण करे ताकि गरीबों की जिन्दगी बचाई जा सके। जिला प्रशासन सभी अस्पताल में मरीजों को ठंड से बचाने को अविलंब तैयारी शुरू करे।

## संविधान दिवस पर आरसीयू में क्रिकेट टूर्नामेंट



**विश्रामपुर (पलामू)।** रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय में संविधान दिवस पर कई कार्यक्रम किये गये। संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर को नमन किया गया। छात्र छात्राओं को संविधान की शपथ भी दिलायी। इसके अलावा जरासंध परिसर में इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया गया। टूर्नामेंट में आरसीआईटी के सिविल इंजिनियरिंग व मेकेनिकल इंजीनियर के छात्रों ने भाग लिया। टूर्नामेंट में मेकेनिकल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज किया। विजेता व उप विजेता टीमों के बीच पुरस्कार का वितरण कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी,आरसीआईटी के उपनिदेशक अनुराग चंद्रवंशी, टी एंड पी के मुख्य मनीषा सिंह, व्यवस्थापक जितेंद्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ एन के अग्रवाल ने किया। डॉ ईश्वर ने कहा कि खेल से शारीरिक-मानसिक विकास होता है।

## गोली चालन : मुखिया पति ने तीन पर करायी प्राथमिकी



**हरिहरगंज पलामू।** पिपरा थाना क्षेत्र के तेंदूई पंचायत के मुखिया उषा देवी के पति अरविंद कुमार सिंह ने पिपरा थाना में आवेदन देकर गांव के ही विक्की सिंह, अरुण सिंह तथा एक अज्ञात पर जानलेवा हमला का आरोप लगाया है। प्रभारी थाना प्रभारी अभय आनंद ने बताया कि मुखिया पति ने आवेदन में कहा है कि वे शनिवार की शाम करीब 5 :30 बजे टाटा नेक्सन कार से एक तिलक समारोह में शामिल होने डेहरी ऑन सोन जा रहे थे। गांव में ही बिरेंद्र सिंह के घर के समीप जैसे ही कार पहुंची। पहले से खड़े उक्त आरोपियों ने पीछे से कार पर फायर किया। गोली कार की छत से सटकर निकल गई। इसके बाद वे पिपरा थाना आकर घटना की जानकारी पुलिस को दी। वहीं रविवार को छतरपुर एसडीपीओ अजय कुमार ने घटनास्थल पर जाकर मामले की जांच की। बताया कि मुखिया पति की शिकायत पर पिपरा थाना में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# प्रखंडस्तरीय दो दिवसीय आयुष मेला का समापन सैकड़ों ग्रामीणों ने उठाया लाभ, जांच कर दी दवा

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार द्वारा होमियोपैथ, यूनानी व आयुर्वेद को बढ़ावा देने एवं ग्रामीणों का इसका लाभ लेने के उद्देश्य से प्रखंडस्तरीय आयुष मेला का आयोजन राज्य स्तर पर किया जा रहा है। इसके तहत पलामू जिला के चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लादी स्कूल मैदान में प्रखंडस्तरीय दो दिवसीय आयुष मेला का आयोजन किया गया। जिसका समापन रविवार को किया गया। इस मेला में चैनपुर प्रखंड के विभिन्न गांव व टोला के गरीब गुरबे समेत अन्य लोग पहुंचकर अपना अपना रोग का इलाज कराया। जहां पर चिकित्सकों ने रोगियों को जांच कर रोग के अनुसार परामर्श देते हुए दवा दिया। इस मेला में आनेवाले लोगों को सलाह दी गई कि होमियोपैथ, आयुर्वेद व यूनानी सभी रोगों का इलाज है। इसके प्रति लोग जागरूक होकर इसका सेवन करें। चिकित्सकों ने बताया कि इस दवा का मानव शरीर में कोई साईड इफेक्ट नहीं है। लेकिन लोग जल्दीबाजी में दूसरे पद्धति का सहारा लेकर अपना ईलाज कराते हैं लेकिन उन्हें दवा का साईड इफेक्ट भी होने का डर रहता है। आयुष के चिकित्सकों ने लोगों को स्वस्थ्य रहने के लिए आयुष पद्धति एवं योग को अपनाने का सलाह दिया। इससे लोग स्वस्थ्य व निरोग रह सकते हैं। आयुष चिकित्सकों ने कुछ रोगों का घरेलू ईलाज करने का उपाय भी बताये।

**ये भी थे उपस्थित :** मौके पर जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शिवशंकर पांडेय, डॉ अमिता, डॉ अजय सिंह, आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुधीर कुमार सुधांशु, डॉ नीतीश भारद्वाज, डॉ आनंद, डॉ अमित कुमार, डॉ ममता, डॉ प्रीती कुमारी, डॉ अस्यदुल्लाह फैज, डॉ तौहीद अहमद, योग प्रशिक्षक राखी देवी समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

## उत्पाद अधीक्षक की गुप्त सूचना पर दुबियाखांड़ में हुई छापेमारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ रांची की ओर से आ रही ट्रक से अवैध देसी शराब बरामद, दो गिरफ्तार
■ नाटकीय ढंग से की जा रही शराब की तस्करी : विमला लकड़ा

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के दुबियाखांड से अवैध देसी शराब को उत्पाद विभाग ने बरामद किया है। अवर निरीक्षक उत्पाद संजय कुमार ने अधीक्षक उत्पाद विमला लकड़ा के गुप्त सूचना के आधार पर दुबियाखांड स्थित छापेमारी किया। जहां से डब्लूबी-41-जे6-990 ट्रक से 850 पेटी टंच नामक अवैध देसी शराब बरामद किया गया है। उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त थी कि रांची की



ओर से एक ट्रक अवैध देसी शराब लेकर डालटनगंज शहर की ओर आ रहा है। जिस पर छापेमारी की तो 850 पेटी शराब बरामद किया गया।

## बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की हुई बैठक

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की बैठक जिला कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की। बैठक में चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों की नियुक्ति की मांग को ले चलाये जा रहे आंदोलन की समीक्षा की गई। निर्णय लिया गया कि छह दिसंबर को भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की 66वीं पुण्य तिथि मनाई जायेगी। उस दिन शोभा यात्रा निकलेगी। जो शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए अंबेडकर पार्क पहुंच खत्म होगी। बैठक में श्याम पाठक, प्रदुमन तिवारी, संजित कुमार, सन्नी पासवान, उपेंद्र तिवारी, संजय चौरसिया, यशवंत कुमार, दीपक कुमार आदि थे।

## वार्ड नंबर नौ के खिलाड़ियों को राजद नेता ने दिया बल्ला-बॉल

» युवा खिलाड़ियों को नहीं होने दी जायेगी संसाधनों की कमी : ओम प्रकाश गुप्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बिश्रामपुर (पलामू)।** नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नंबर नौ के युवा खिलाड़ियों को वरीय राजद नेता सह समाजसेवी ओम प्रकाश गुप्ता ने अपनी ओर से बल्ला व बॉल दिया। बताते चलें कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान युवा खिलाड़ियों ने श्री गुप्ता से बल्ला और बॉल की मांग की थी। युवाओं का कहना था कि बल्ला व बॉल की कमी के कारण अभ्यास नहीं कर पा रहे हैं। ओम प्रकाश गुप्ता ने युआओ की मांग को पूरा करते हुए तत्काल बल्ला व बॉल मंगवाकर दिया। उन्होंने कहा कि बिश्रामपुर नगर परिषद के युवा खिलाड़ियों को संसाधनों की कमी नहीं होने दी जायेगी। उन्हें हर तरह का मदद उपलब्ध कराया जायेगा।

# नावा बाजार: निष्ठा आइटीआइ परिसर में विभिन्न कंपनियों का भर्ती कैंप कल

**» युवाओं के लिए सुनहरा मौका**

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**नावा बाजार पलामू।** प्रखंड के श्रम अधीक्षक सह जिला कौशल पदाधिकारी पलामू के निर्देशानुसार 29 नवंबर को नावा बाजार निष्ठा आइटी आई आवासीय कालेज परिसर में विभिन्न कंपनियों के द्वारा हजारों युवक युवतियों को भर्ती ली जायेगी।

नावा बाजार निष्ठा आइटी आई प्रोजेक्ट मैनेजर आलोक उपाध्याय ने बताया कि मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड कंपनी के द्वारा मैट्रिक पास योग्यता के साथ उम्र 18 से 20 वर्ष मान्य होगी इस कंपनी में 100 सीट के लिए भर्ती लिया जायेगा। वही सैलेब्रेटरी फैंसन कंपनी के द्वारा मैट्रिक पास योग्यता के साथ उम्र 18 प्लस होनी चाहिए। इस कंपनी में 200 भर्ती लिया जायेगा। साथ ही बेस्ट कारपोरेशन कंपनी के द्वारा 18 प्लस उम्र के लिए 100 युवक युवतियों को भर्ती लिया जायेगा।

वहीं मोदरेशन सोमी सिस्टम लिमिटेड एवं याजिका मोटर्स कंपनी के द्वारा मैट्रिक से 12 वीं पास एवं आईटी आई डिप्लोमा के लिए 400 युवक युवतियों को भर्ती लिया जायेगा। जिसका उम्र 18 से 27 एवं 18 से 24 मान्य होगी। वहीं सुजुकी मोटर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में मैट्रिक पास युवक-युवतियों के लिए 100 सीट पर भर्ती लिया जायेगा। जिसका उम्र 18 से 24 मान्य होगी। इसके अलावा एल एंड टी विशाखापट्टनम नवल बेस्ट कंपनी के द्वारा एक 100 सीट पर भर्ती लिया जाएगा जिसकी योग्यता मैट्रिक पास एवं आईटीआई फिटर या वेल्डर होनी चाहिए, जिसकी उम्र 18 से 22 मान्य होगी।

# हर घर तक पानी, हर गली में सड़क मेरी पहली प्राथमिकता : मनोज सिंह

➲ **रविवार को वार्ड 3 के भ्रमण के दौरान जनता से मांगा आशीर्वाद**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड निकाय टलने की संभावना के बीच भी मेदिनीनगर नगर निगम के भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने मैदान नहीं छोड़ा है। 19 दिन पूर्व से शुरू घर घर यात्रा के तहत आपका बेटा आपके द्वार कार्यक्रम निरंतर आगे बढ़ता जा रहा है, जिसमें मनोज सिंह को लोगों का आपार समर्थन मिलता दिख रहा है।

रविवार को वार्ड नंबर 3 के भ्रमण के दौरान जनता से आशीर्वाद मांग रहे मनोज ने कहा कि दशकों पहले इस क्षेत्र को निकाय में जोड़ा



**लोगों से जनसंपर्क करते भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह।**

गया लेकिन आजतक घर-घर पानी नहीं पहुंच पाया। मेरी पहली प्राथमिकता घर-घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने की है। कहा कि मेरा यह संकल्प है कि क्षेत्र के हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाया जायेगा। उन्होंने कहा कि नगरनिगम चुनाव के टलने से मेरे संकल्प पर कोई फर्क नहीं पड़ा है। आम जन को समस्या से निजात दिलाना मेरा संकल्प है। यात्रा में छोटू पांडे, प्रवीण तिवारी, मुकेश सिंह, गुड्डू सिंह, विजय सिंह, पियूष राज, संतोष कुमार, दीपक राम, प्रमोद सिंह, संजीव कुमार व अंकित सिंह और अन्य लोग शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### मेसर्स संटेक प्लास्टिसाइजार ने बांटे कंबल



**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नगर परिषद के मुख्य कस्बा रेहला में स्थित मेसर्स संटेक प्लास्टिसाइजार प्रा लि ने वार्ड आठ में जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटा गया। जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण कंपनी के प्रतिनिधि नरेश यादव, अशोक यादव, शिवानंद यादव, अमरेश कांत मिश्रा, अभिषेक चतुर्वेदी व निवर्तमान वार्ड पार्षद नजमुदीन नूरी ने किया। नरेश ने कहा कि जरूरतमंदों की मदद सबसे बड़ी सेवा है। नजमुदीन ने कहा कि संटेक प्रबंधन सामाजिक सरोकार के कार्यों का भी बखूबी निर्वहन करता रहा है।

### संविधान सप्ताह : डालसा ने निकाली प्रभातफेरी




**मेदिनीनगर।** शासन संचालन का है विज्ञान, सबसे प्यारा हमारा संविधान के नारों से रविवार को कचहरी परिसर से छह मुहान तक गूंज उठा। झालसा के दिशा-निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में रविवार को संविधान सप्ताह के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व रजिस्ट्रार अमित गुप्ता के नेतृत्व में प्रभातफेरी निकाली गई। मौके पर व्यवहार न्यायालय कर्मी हाथ में तख्ती लिए स्लोगन गा रहे थे। संविधान में रखो वास्ता, मत चुनो गलत रास्ता। अपने अधिकारों को जानें, संविधान को पहचानें... आदि नारे लगा रहे थे। मौके पर रामबाबू पांडे, अमरेंद्र कुमार, अभिषेक कुमार, सोनू कुमार, संजीव सिंह, रविशंकर मिश्रा थे।

### कार्डधारियों को राशन दिलाने की मांग



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड के ग्रीन कार्ड धारी लाभुकों को राशन नहीं मिलने से परेशानी हो रही है। इसे लेकर शहर के न्यू सब्जी बाजार स्थित नयन रेस्टोरेंट सह होटल में युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि प्रखंड के ग्रीनकार्ड धारियों को पिछले 4 माह से राशन नहीं दी जा रही है। ग्रीन कार्डधारियों को 4 माह से राशन नहीं मिल रहा है। राजीव ने उपायुक्त पलामू व सरकार से ग्रीन कार्डधारियों को अविलंब राशन मुहैया कराने की मांग की है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में गोपाल प्रसाद, विजय प्रजापति, शंभू यादव, विनोद पासवान, अजीत कुमार, गोलू सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

### जरूरतमंदों की सहायता लक्ष्य : ज्योति



**मेदिनीनगर।** भाजयुमो पलामू के जिलाध्यक्ष ज्योति पांडे ने चैनपुर प्रखंड के कंकारी में जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटा। युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी उपस्थित थे। किसलय ने कहा कि भाजपा नाम के लिए नहीं काम के लिए राजनीति करती है। सेवा ही हमारा धर्म है। मोर्चा जिलाध्यक्ष ज्योति पांडेय ने कहा राजनीति में आने का कारण जन सरोकार के मुद्दे को उठाना, जरूरतमंद लोगों के लिए हमेशा मदद के लिए खड़ा रहना ही हमारा लक्ष्य है। मौके पर भाजयुमो के जिला महामंत्री विपुल गुप्ता, भाजपा के चैनपुर मंडल के अध्यक्ष शशिभूषण पांडे, सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे, युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सुदेश चौधरी, प्रिंस सिंह आदि थे।

### जोड़ने में विश्वास रखती है कांग्रेस : बिट्टू



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला में कांग्रेस पार्टी की भारत जोड़ो पदयात्रा लगातार जारी है। रविवार को पलामू जिला कांग्रेस कमेटी ने यात्रा निकाली। कार्यक्रम की शुरुआत मजगामा पंचायत से हुई जो लामी पथरा बाजार तक पहुंची। पदयात्रा में कांग्रेस जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक, पड़वा प्रखंड के प्रभारी रामआशीष पांडे, 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष विमला कुमारी, शमीम अहमद राईन, सत्यानंद दुबे, राजेश चौरसिया, अशोक पासवान शामिल थे। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सलाउद्दीन अंसारी ने की। बिट्टू ने कहा कि देश में नफरत का माहौल पैदा किया जा रहा है। केंद्र की वर्तमान सरकार हिंदू, मुस्लिम, सिख ईसाई को आपस में लड़ा कर सत्ता में बने रहना चाहती है जो देश की एकता और अखंडता के लिए खतरा है।

### तेजस्विनी इकाई संघ पलामू ने सांसद को तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा



**मेदिनीनगर।** तेजस्विनी इकाई संघ पलामू के विकास कुशवाहा के नेतृत्व में पलामू सांसद बीडी राम के आवास पर तीन सूत्री मांग पत्र सांसद को सौंपा। मांग पत्र के माध्यम से मांग की कि तेजस्विनी परियोजना के अंतर्गत प्रखंड स्तर पर 911 कर्मी कार्यरत हैं। जिनका सात माह का वेतन बकाया है और अवधि विस्तार नहीं किया गया है। इस बावत उपायुक्त एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को पूर्व में मांग पत्र सौंपा गया है इसके बावजूद इस ओर अधिकारियों द्वारा कोई सकारात्मक पहल नहीं किया जा रहा है। जिस कारण हमसभी परियोजना कर्मियों की स्थिति काफी दयनीय हो गयी है। कर्मियों ने कहा कि परियोजना का कार्यान्वयन स्वयंसेवी संस्था इंडियन ग्रामीण सर्विसेज के द्वारा किया जा रहा है। जिसका जेडब्लूडीएस के साथ एग्रीमेंट है। जो कि 20 जून 2022 को ही एग्रीमेंट समाप्त हो चुका है। मांग पत्र सौंपनेवालों में योगेंद्र कुमार सिंह, उमेश कुमार प्रजापति, चंदन कुमार, राजीव रंजन समेत अन्य शामिल थे।

### झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के पलामू जिलाध्यक्ष बने संतोष श्रीवास्तव



**मेदिनीनगर।** परिसदन में झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन की पलामू जिला इकाई की बैठक हुई। जिसके पर्यवेक्षक प्रदेश सचिव सह पलामू प्रभारी सियाराम शरण वर्मा थे। इस चुनाव में कुल 28 सदस्यों ने वोट डाले। अध्यक्ष पद के चुनाव में संतोष कुमार श्रीवास्तव ने सत्येंद्र कुमार चंदेल को 6 मतों से पराजित कर अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। संतोष को कुल 17 वोट मिले, जबकि सत्येंद्र कुमार चंदेल को 11 मत से ही संतोष कना पड़ा। जबकि उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष, राष्ट्रीय पार्षद व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के लिए एक- एक नाम ही आने के कारण उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। शिवेंदु सिंह, एसके रवि व सत्येंद्र कुमार चंदेल को उपाध्यक्ष, नीतेश कुमार को महासचिव, संजय ओझा को कोषाध्यक्ष, संजय सिंह उमेश को राष्ट्रीय पार्षद, नंदन कुमार को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

स्पीड न्यूज

## चान्हो: अवैध कोयला लदा पिकअप वैन जब्त चालक गिरफ्तार

**चान्हो।** बिजुपाड़ा-खेलारी मुख्य पथ पर चोरेया मोड़ के निकट से चान्हो पुलिस ने रविवार को अवैध रूप कोयला ले जा रहे एक पिकअप वैन को जब्त किया है। साथ ही पुलिस ने पिकअप के चालक लातेहार जिला के चंदवा थाना अंतर्गत हुटाप निवासी राजु लोहरा को गिरफ्तार कर जेल भी भेज दिया। थाना प्रभारी रंजय कुमार के अनुसार चान्हो पुलिस ने उक्त पिकअप वैन को गश्ती के दौरान खलारी रोड में चोरेया मोड़ के पास पकड़ा था।संभावना जताई जा रही है कि कोयला को किसी ईट भट्ठा पहुंचाया जा रहा था। बताते चलें कि क्षेत्र में धड़ल्ले से बाइकए ऑटो या चार पहिया वाहनों में धड़ल्ले से अवैध कोयले का कारोबार चल रहा है।

## हेसलपीरी गांव में लगा नया ट्रांसफार्मर

**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड के हेसलपीरी गांव में रविवार को 100 केवीए के नये ट्रांसफर्मर का उदघाटन किया गया। उदघाटन आजसू की वरीय नेत्री सह पूर्व जिप उपाध्यक्ष पार्वती देवी व मुखिया कुशेन्द्र पाहन ने किया। मौके पर पार्वती देवी ने कहा कि ग्रामीणों के मूलभूत समस्याओं का निराकरण उनकी प्राथमिकता है। विदित हो कि एक सप्ताह से पूरा गांव अंधेरे में था। मौके पर ललित महतो, रामकुमार महतो, महेंद्र कुमार दीपक, आंनद महतो समेत अन्य मौजूद थे।

## उमेडंडा में शिक्षक के निधन पर शोक

**बुढ़मू।** उमेडंडा निवासी समाजसेवी शमीम अंसारी के पिता शिक्षक अब्दुल हसन अंसारी का शनिवार रात में हृदय गति रुकने से निधन हो गया। शुरू से ही मृदुभाषी और समाज व शिक्षा के प्रति हमेशा सजग रहने वाले शिक्षक अब्दुल हसन अंसारी के असामयिक निधन होने से समाज के हर तबके के लोगों में शोक व्यक्त किया है। रविवार को जनाजे की नमाज के बाद स्थानीय कब्रिस्तान में अंतिम संस्कार किया गया। जहां हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।

## राजभवन के समक्ष आमया का चौपाल कल

**कांके।** ऑल मुस्लिम यूथ एसोसिएशन आमया द्वारा राजभवन के समक्ष राज्य के मुसलमानों के हक और अधिकार को लेकर 29 नवंबर को जन चौपाल आहूत की गई है। कार्यक्रम को लेकर आमया संगठन के प्रभारी जियाउद्दीन अंसारी ने कांके प्रखंड के उलातु, कुम्हारिया, सतकनादु, हुसिर, होचर, बालू कोकडोरो सहित कई गांवों में जाकर लोगों से चौपाल कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। साथ ही कहा कि राज्य अलग के 23 वर्ष हो गए, लेकिन अभी तक मुसलमानों के मामले हल नहीं हुए। इन्हें बुनियादी सुविधाओं सहित इनके हक और अधिकार भी नहीं मिले। साथ ही सभी मुस्लिम समाज महागठबंधन की सरकार को वोट किये। उसके बावजूद भी सरकार समस्याओं का निदान नहीं कर रही। अब चौपाल लगाकर आमया संगठन सरकार को अपनी ताकत दिखाएगी। दौरा में अबुसमा अंसारी, अख्तर अंसारी, अहमद रजा, गुलजार खान, जुमाउद्दीन अंसारी शामिल रहे।

## कोयला चोरी रोकथाम के लिए सीआईएसएफ ने चलाया अभियान

**खलारी।** सीआईएसएफ कमाडेंट मांगा के नेतृत्व में रविवार को केडीएच रेलवे साइडिंग, डकरा ओबी डंप, राय रेलवे साइडिंग के आस पास एरिया में कोयला चोरी रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया गया। सुबह 5 से 8 बजे तक तीन घंटे चली अभियान में केडीएच एरिया से चार टन कोयला जब्त कर सीसीएल प्रबंधन को सौंपाण वहीं राय रेलवे साइडिंग के आस पास एरिया में बोरी में भरी अवैध कोयले लदा तीन बाइक पकड़ी गयीण्तीनों मोटरसाइकिल को अवैध कोयले के साथ खलारी थाना को सुपुर्द कर दिया गया। अभियान में मृत्युंजय स्वामी, विनोद कुमार, सुनील कुमार, नागेंद्र प्रसाद, एलएस मिंज, सरफराज आलम, शंभू प्रसाद, अनिता कुसुम डांग, मनोज कुमार चौधरी, अनूप सिंह शामिल थे।

# विरोध: शिलापट्ट में नाम नहीं होने पर पोत दी कालिख

### विधायक ने किया था कई योजनाओं का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता


शिलापट्ट पर कालिख पोतते जिला परिषद सदस्य व अन्य।

**चान्हो/मांडर।** प्रखंड में रविवार को मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की द्वारा कई योजनाओं के शिलान्यास के दौरान विरोध देखा गया। रांची जिला जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत के नेतृत्व शिलापट्ट में नाम नहीं अंकित होने को लेकर विरोध करते हुए शिलापट्ट में कालिख पोता गया। जिला परिषद सदस्यों का आरोप था कि स्थानीय जनप्रतिनिधि को योजनाओं के शिलान्यास के दौरान अपेक्षा किया जा रहा है, जिसको लेकर यह विरोध है। इस दौरान विधायक शिल्पी नेहा तिर्की और रांची जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत की अगुवाई में मौजूद मांडर विधानसभा के आठ जिला परिषद सदस्यों के बीच चोड़ा में पुल निर्माण कार्य के शिलान्यास के दौरान जमकर तू-तू मैं-मैं हुई। जिप अध्यक्ष और सदस्यों का आरोप था कि विकास कार्यों के शिलान्यास में उनकी अनदेखी की जा रही है, जो कि उन्हें कतई बर्दाश्त नहीं है। वहीं दूसरी ओर विधायक ने उनसे कहा कि वे एक भी योजना अपनी अनुशंसा से धरातल पर उतार कर दिखा दें तो वह खुद ही अपना नाम शिलापट्ट से हटा देंगी। पिछले दो दिनों में चान्हो और मांडर में विधायक द्वारा शिलान्यास किए गए लगभग बीस शिलापट्टों में जीप सदस्यों के द्वारा कालिख पोत दी गई मांडर के बिशहा खटंगा और चान्हो के चामा में स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण की आधारशिला भी विरोध को देखते हुए जिला अभियंता ने शिलान्यास ने अस्थगित करा दिया। इन्हे पुनः ठीक कर किया जाएगा। वहीं एक स्थान पर विभाग के जेई ने जीप सदस्यों के उग्र रूप को देखते हुए अपनी गलती मान कर खुद ही शिलापट्ट को कालिख से पोत दिया।

**मौके पर थे मौजूद**

मौके पर चान्हो के जिप सदस्य आशुतोष तिवारी और आदिल आजिम तथा मांडर के जीप सदस्य परमेश्वर भगतए एतवारी उरांव और विनोदित तिग्गा तथा इटकी, बेड़ो और लापुंग प्रखंड के भी जिप सदस्यगण एवं कांग्रेस नेता नकुल सिंह, चान्हो प्रखंड अध्यक्ष, मो इस्तेयाक, विधायक प्रतिनिधि, इरशाद खान, अब्दुल्लाह अंसारी, सुजीत शाही, अजीत सिंह, शशि साहू, लतीफ अंसारी, दिलीप सिंह, सुधीर लकड़ा, एबसंत राम, प्रमोद लाल, अइनुल अंसारी, अली हसन, बुधराम भगत, चूमनू उरांव, मंजुर अंसारी, जगदीश गोप, पीताम्बर प्रजापति और कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

**इस तरह का विरोध सही नहीं: विधायक**

सरकार की योजनाओं का शिलान्यास के दौरान इस तरह विरोध करना सही नहीं है। शिलापट्ट में नाम अंकित को लेकर सवाल पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि प्रोटोकॉल के अनुसार माननीय विधायक सांसद विधायक नगर निकाय के अध्यक्ष व जिला परिषद सदस्य के अध्यक्ष का नाम या नगर निगम क्षेत्र में मेयर का नाम अंकित किया जाना है। बाकी लोग आमंत्रित सदस्य होते हैं। अगर इस तरह से विरोध होगा तो जनता के पास गलत मैसेज जाएगा।

**सड़क मरम्मत का शिलान्यास नहीं होता: सांसद**


मामले को लेकर सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। यदि कोई समस्या हो तो विभाग से बात करें और जहां तक मुझे जानकारी है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के रिपेयरिंग कार्य का शिलान्यास नहीं किया जाता, इसलिए मैं इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुआ।

जिला अभियंता के आदेश पर आज शिलान्यास कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है। इसे पुन: सुधार कर शिलान्यास की तिथि निकाली जाएगी।
**जिला अभियंता**

# अलग-अलग सड़क दुर्घटना में पांच घायल

### डिवाइडर पार कर तेज गति बाइक दुर्घटना ग्रस्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के शास्त्री चौक ओरमांझी चौराहे पर एक बाइक दुर्घटना ग्रस्त हो गई। जिससे बाइक में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। शनिवार रात 10 बजे के करीब हुई दुर्घटना के संबंध में बताया गया कि हीरो एसपी 125 बाइक जेएच01ईआर-2633 में सावर हो तीन युवक रांची से गया (बिहार) जा रहे थे। तेज गति से जा रही बाइक किसान कंप्लेक्स ओरमांझी स्थित असंतुलित हो डिवाइडर से टकरा गई, और बाइक सहित तीनों डिवाइडर पार कर दूसरी लाईन में सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं बाइक का अगला हिस्सा भी छतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के वक्त दूसरे लाइन वाहन आने के कारण घायल युवक किसी वाहन के चपेट में आने से बच गए। स्थानीय लोगों की पहल पर तीनो घायलों को 108 एमबुलेंस की मदद से उपचार के लिए रिम्स भेजा गया। वहीं सूचना मिलने के बाद पहुंची ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा दुर्घटना ग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया गया। समाचार लिखे जाने तक घायलों की पहचान नहीं हो सकी थी।

**कार के धक्के से बाइक सवार दो घायल**

**चान्हो।** रांची-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर थाना क्षेत्र के बिजुपाड़ा चौक में रविवार की दोपहर एक ऑल्टो कार के धक्के से लुंडरी के रहने वाले इस्लाम अंसारी और कूडू निवासी बाइक सवार कृष्ण साहू घायल हो गए। दोनो को इलाज के लिए मांडर रेफरल अस्पताल भेजा गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद इस्लाम अंसारी को रिम्स रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि उक्त ऑल्टो कार चान्हो की ओर जा रही थी। बिजुपाड़ा चौक के निकट असंतुलित होकर पहले सड़क पार कर रहे इस्लाम अंसारी को इसने धक्का मारा फिर इसके बाद डिवाइडर से टकराते हुए विपरीत दिशा जाकर कूडू की ओर से आ रहे एक बाइक सवार को भी धक्का मार दिया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल भेजा गया। वहीं कार को चान्हो पुलिस ने जब्त कर लिया है।

## कोल फील्ड मजदूर यूनियन की बैठक

**खलारी।** कोल फील्ड मजदूर यूनियन की बैठक बालूमाथ में हुई। बैठक में सीसीएल कार्यकारी अध्यक्ष विनय कुमार सिंह, सीसीएल उपाध्यक्ष मिथलेश कुमार सिंह एवं संगठन सचिव ध्वजा राम धोबी उपस्थित हुये। बैठक में राजहरा एरिया की नई कमिटी के गठन व विस्तार पर चर्चा किया गयाण्कमिटी के गठन में सीसीएल कार्यकारी सदस्य रामा उरांव, रमेश सिंह, इस्लाम अंसारी, प्रधान मुंडा, बिरमल कुमार, राजेन्द्र चौहान, जय मंगल सिंह, उदय नाथ सिंह, जस्मुदीन अंसारी की उपस्थिति में एरिया की नई कमेटी का गठन किया गया। इसकी घोषणा सीसीएल कार्यकारी अध्यक्ष विनय सिंह मनकी ने की।

**एक नजर में**

## अंबेडकर चौक पिठोरिया में दिनभर लगा रहा जाम



**पिठोरिया।** अंबेडकर चौक पिठोरिया में रविवार को दिनभर जाम की वजह से दुकानदार और इमरजेंसी वाहनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। पिठोरिया थाना क्षेत्र के अंबेडकर चौक में जाम की स्थिति बराबर बनी हुई रहती है। कभी-कभी जाम इस तरह लगी हुई रहती है की इमरजेंसी वाहनों को जैसे एंबुलेंस अग्निशामक जैसे वाहनों को पास नहीं मिल पाता है। जाम की वजह से चौक में दुकानदारों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है । वही रास्ता के दोनों तरफ अतिक्रमण कर दुकानें लगा दी जाती है। जिससे लोगों को पार्किंग में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

## लापुंग: घघारी में मकर संक्रांति मेला को लेकर विचार-विमर्श

खबर मन्त्र संवाददाता

**लापुंग।** लापुंग के ऐतिहासिक घघारी बाबा धाम में 14 जनवरी मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाले तीन दिवसीय मेला के सफल आयोजन को लेकर रविवार को घघारी बाबाधाम स्थित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का आयोजन घघारी बाबा प्रबंध समिति के अध्यक्ष गंगाधर साहू की अध्यक्षता में की गई। बैठक के दौरान तीन दिवसीय मकर संक्रांति मेला को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। वही मेला परिसर में विधि व्यवस्था बहाल करने को लेकर चर्चा विमर्श किया गया। बैठक के दौरान विभिन्न गांवों से आकर मेले परिसर में लगाने वाले दुकानों समेत मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी पूरी तैयारी की जा रही है। बैठक के दौरान मेला के सफल आयोजन को लेकर अलग-अलग टीमों का गठन कर पूरे जोरों शोरों से मेला की तैयारी की जा रही है। बैठक में राजकमल गोपए राजधन शेखर सिंहए मुखिया दुर्गा उरांव, श्याम कमलकिशोर सिंह, मनबोध सिंह, सुनील उरांव, संजय समेत कई लोग बैठक में मुख्य रूप से मौजूद थे।

## पारिवारिक विवाद में महिला ने लगाई फांसी

खबर मन्त्र संवाददाता



**पिपरवार।** पिपरवार थाना क्षेत्र के किचटो पंचायत अंतर्गत बन्हे गांव में महिला ने घरेलु विवाद मे फंदे से झूल कर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। रविवार दोपहर 1 बजे मोनिका देवी सुनील साव उम्र 22 वर्ष बन्हे निवासी ने पारिवारिक विवाद को लेकर फंदे से झुलकर मौत को लगाया गले इस संबंध में परिवार के सदस्यों ने बताया कि मोनिका देवी रातु कमड़े की रहने वाली थी जिनका विवाह बन्हे निवासी सुनिल साव के साथ 2019 में सम्पन्न हुआ था एवं इनके पति सुनिल साव बर्तन आदि की गांव-गांव घूमकर फेरी किया करते थे घटना के समय सुनील साव अपने बड़े भाई धनेश्वर साव के साथ बर्तन बेचने को लेकर गांव-गांव में फेरी करने को गए हुए थे इसी क्रम में सुनील साव की पत्नी मोनिका देवी ने प्रातः से घर का दरवाजा अंदर से बंद टीवी फुल साउण्ड मैं चालू थी। इसी क्रम में घर का दरवाजा अंदर से बंद दोपहर 1.00 बजे तक रहने पर घर के अन्य सदस्यों ने जब घर का दरवाजा बहुत देर तक बंद रहने पर आशंका जाहिर करते हुए खोलने को कहा गया तो अंदर से किसी तरह की आवाज नहीं आने पर घर के सदस्यों ने दरवाजा तोड़कर अंदर घुसा तो देखा कि मृतक मोनिका देवी फांसी के फंदे से झूलता देखा गया इसके पश्चात घर के सदस्यों ने मृतक मोनिका देवी के पति सुनील साव को फोन कर जानकारी देने पर 2.00 बजे घर वापस आये। इधर मामले को लेकर पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार सहित थाना सशस्त्र बल के जवान मामले की छानबीन में जुट गये है ।

## ओडीए ने जामटोली में कंबल वितरण



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली गांव में ओडीए संस्था रांची के द्वारा 50 जरूरतमंदों महिलाएपुरुषों के बीच कंबल व वस्त्र वितरण किया गया। वही संस्था के अध्यक्ष सुनीता वर्माए सचिव आशीष कुमार और मत्स्य मित्र चरवा उरांव ने ग्रामीणों के बीच गांव के विकास के संबंध में विस्तार से चर्चा किया गया। इस मौके पर हरिहरपुर जामटोली गांव के ग्राम प्रधान रामप्रसाद लोहराए वार्ड सदस्य गोयंदा उरांवए समाजसेवी गोविंद गोपए लुइस फ्रांसिस एक्का एजतरू उरांवए जोसेफ उरांवए सोमरा उरांवए गोयंदा मिंजए लखन लोहरा एमोहन लोहरा एबिरसा उरांवए सोहन लोहरा एदयाल उरांवए बेनेदिक तिर्की एजोसेफ लकड़ा आदि उपस्थित थे।

## फुटकलटोली में झामुमो की पंचायत कमेटी का गठन

### पहना तिर्की उपाध्यक्ष मनोनीत, राजेश को कोष की जिम्मेवारी

**सावन गाड़ी अध्यक्ष और ताजीम बने सचिव**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड झामुमो की बैठक बेलाल अंसारी की अध्यक्षता में हुयी। इसमें संगठन को धारदार और मजबूत बनाने पर चर्चा की गयी। बैठक लगातार तीन घंटे तक चली। इस दौरान मोर्चा की फुटकलटोली पंचायत कमेटी का गठन किया गया। सावन गाड़ी अध्यक्ष और मो ताजीम सचिव बनाये गये। राजेश महतो को कोष की जिम्मेवारी दी गयी। पहना तिर्की उपाध्यक्ष, बुतरू उरांव संगठन सचिव व शमशेर आलम सह सचिव बनाये गये। कार्यकारिणी सदस्यों में राजू तिग्गा, युसूफ अंसारी उर्फ पिंटू, नौशाद अंसारी उर्फ लड्डू, मो नूरहकीम, मो आसिफ व आबिद अंसारी शामिल हैं। मौके पर बेलाल अंसारी, असलम अंसारी, प्रदीप किस्पोट्टा, मुदस्सर खान, सचिन उरांव व सैयद फिरोज आदि दर्जनों कार्यकर्त्ता मौजूद थे।


रातू में सावन गाड़ी का स्वागत करते लोग।

## प्रमुख की अगुवाई में भरे गये गड्ढे

**खलारी।** प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा के अगुवाई में नवनिर्मित खलारी हजारीबाग मुख्य पथ में खलारी प्रखंड अंतर्गत रोड पर बने गढे व एप्रोच रोड को पूर्ण किया गयाण्बताना चाहते है कि नवनिर्मित रोड सिंह कंस्ट्रक्शन के द्वारा बनाया गया थाण जो की घटिया निर्माण होने के वजह से जगह जगह गढा बन गया थाण जिससे वाहन चालकों व राहगीरो को भारी परेशानियों का सामना आये दिन करना पड़ता थाण इन गढो को खलारी प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा के पहल पर कंपनी के द्वारा कार्य को पूर्ण किया गया।

## उलीडीह गांव में जंगली हाथियों ने फसलों को रौंद कर किया बर्बाद

### हाथी मित्र ने दिया मुआवजा का फार्म



खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के बारेंदा पंचायत अंतर्गत उलीडीह गांव में शनिवार की रात जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया है। किसान सामू कोईरी के डेढ़ एकड़ में नेनुआ, इंद्रजीत कोईरी के 50 डिसमिल बीन, चामु कोईरी के 40 डिसमिल में बीन, हाराधन कोईरी के 50 डिसमिल में बीन, धनेशवर कोईरी के 30 डिसमिल में पत्ता गोभी समेत कई किसानों के खेतों में सब्जी के फसलों को रौंदकर नष्ट कर दिया। इधर सोनाहातू पूर्वी क्षेत्र में लगातार जंगली हाथियों का आना.जाना बराबर लगा रहता है। जंगली हाथियों के आने से लोगों को खेतों कार्य प्रभावित हो रही है। इधर सूचना पाकर बारेंदा मुखिया सुभद्रा देवी रविवार की सुबह प्रभावित किसानों के खेतों में जाकर फसल क्षति का जायजा लेते हुए वन विभाग से मुआवजे के लिए आश्वस्त किया। हाथी मित्र तापस कर्मकार किसानों से मुलाकात कर मुआवजा फॉर्म का वितरण किये।

## सतकनादू में तीन दुकानों का उद्घाटन



**कांके।** सतकनादू मुख्य मार्ग में ग्रामीणों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सबा सीमेंट, सबा न्यू फैशन वस्त्रालय व सबा हार्डवेयर का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समाजसेवी सत्यदेव कुमार साहू व पूर्व जिप सदस्य मोजीबुल अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। संचालक मो कलीम अंसारी व मो मिनहाज अंसारी ने बताया कि इन प्रतिष्ठानों में आसपास के सभी ग्रामीणों को उचित मूल्य पर सभी समानें उपलब्ध कराई जाएगी। उद्घाटन अवसर पर सदर रशीद अंसारी, सऊद अंसारी, मो मेराज, तफज्जुल अंसारी, विजय उरांव, अशफाक खान सहित दर्जनों लोग शामिल हुए।

## सिकिदिरी: महिला हिंसा प्रतिरोधी पखवाड़ा मना




**सिकिदिरी।** महिला उत्पीड़न विरोधी एवं विकास समिति द्वारा रविवार को किशोरगंज कार्यालय में महिला हिंसा प्रतिरोधी पखवाड़ा मनाया गया। समिति के अध्यक्ष लक्ष्मी गोप ने उपस्थित महिलाओं को महिला हिंसा के विरुद्ध कानून की जानकारी देकर उन्हे जागरुक किया। उन्होंने महिलाओं को अपने हक व अधिकार के लिए निडरता के साथ आगे आने का आह्वान किया। सचिव माला विश्वास ने कहा की महिलाओं को अधिकार देश की संविधान ने दिया है। महिला आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े। मौके पर महिलाओं ने नृत्य व गीत के माध्यम से महिलाओं को अपने अधिकार के प्रति जागरुक किया। मौके पर मंजू महेश, पूनम प्रसाद, धनवन्ती, झूमा विश्वकर्मा, गीता देवी, रीमा कुमारी आदि उपस्थित थे।

## चिकित्सा शिविर में 60 मरीजों का हुआ इलाज



**अनगड़ा।** मानसू मेडिकल हॉल टाटीसिल्वे बस्ती मे रविवार को देबूका नर्सिंग होम के सौजन्य से नस एवं हड्डी जोड़ बीमारी का निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। चिकित्सा शिविर का उदघाटन सीआईटी के डाईरेक्टर नवनीत सिंह ने किया। इस नि:शुल्क चिकित्सा शिविर मे 60 मरीजो का जांच और इलाज किया गया। जांच और इलाज इंग्लैंड से आए नस एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एकांश देबूका द्वारा रोगियो का मशीन द्वारा बीएमडी जांच एवं इलाज किया गया।

# ग्रामीणों ने जुगाड़ से बनाया बांस का पुल

### 14 करोड़ की लागत से बना पुल भारी बारिश में हो चुका है धराशायी

खबर मन्त्र संवाददाता



**तमाड़।** तमाड़-सोनाहातु, राहे प्रखंड को जोड़ने वाली हाराडीह-बूढ़ाडीह के कांची नदी में टूटी हुई पुलिया की सुधि लेने वाला कोई नहीं। करीब चौदह करोड़ रुपये की लागत से बनी यह पुल के धंसने से तमाड़ से सोनाहातू 33 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी बढ़ गई है। करोड़ों रुपये की लागत से बने इस पुल का निर्माण 2014 में किया गया था। लोगों का कहना है की जब पुलिया टूटा तब काफी हो-हल्ला हुआ था। यहां तक की जांच कमेटी का गठन होकर पड़ताल भी किया गया, परंतु एक वर्ष बीत जाने के बाद भी लोग पुल बनने की आस लगाए बैठे है। वहीं स्थानीय लोगों ने सरकार से आस छोड़ राहगीरों के लिए बांस की पुलिया का निर्माण किया है। किसी तरह लोग अपनी जान जोखिम में डालकर नदी पार करने को विवश है। स्थानीय लोगों की माने तो पुल निर्माण के समय घोर अनियमिता बरती गई थी। वही पुलिया के नीचे से माफियाओं द्वारा बालू खनन भी पुल टूटने का कारण भी हो सकता है। स्थानीय विधायक विकास मुंडा भी अधिकारियों के साथ घटनास्थल जा कर जायजा लें चुके है। छात्र नेता राजू महतो ने इस पुल के टूटने से धरने पर बैठ गए थे। दूसरी तरफ लोगों का यह भी मानना है की नदी के दोनों छोर पर बालू का ऊठाव होता था जिसके कारण नदी पर बने पुल के खंबे धंस गए।

**सीएम ने किया था जांच कमेटी का गठन**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए उच्च स्तरीय जांच कमिटी का गठन किया था। जिसमें पथ निर्माण विभाग के प्रमुख मुरारी भगत के नेतृत्व में मुख्य अभियंता भवन निर्माण विभाग व मुख्य अभियंता जे एस आरआरडीए जेपी नड्डा को जांच के आदेश दिया गया था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जांच कमिटी को जल्द जांच रिपोर्ट जमा कर दोषी अधिकारियों पर करवाई करने का आदेश दिया था। लेकिन मुख्यमंत्री के आदेश का भी कोई असर देखने को नही मिला।

स्पीड न्यूज

## पुलिस ने अवैध कोयला लदे एक हाइवा को जब्त किया

**टंडवा (चतरा)।** मगध कोल परियोजना से अवैध कोयला ले जा रहे हाईवा संख्या जेएच 02 ए डब्लू 8344 को टंडवा पुलिस ने धर दबोचा। जानकारी के अनुसार कोयलांचल क्षेत्र में कोयला तस्करों द्वारा अवैध कोयले की कारोबार धड़ल्ले से किया जा रहा है, जिसकी लगाम लगाने के लिए टंडवा पुलिस की लगातार छापेमारी अभियान जारी है। इसी दौरान शनिवार की रात्रि दो हाईवा अवैध कोयला लेकर जा रहे थे जिसमें से एक हाईवा आम्रपाली क्षेत्र के कुमडांग होते हुवे उडसू की ओर आ रहे हाइवा की सूचना टंडवा पुलिस को मिला, ततपश्चात पुलिस की टीम द्वारा हाइवा को पकड़ लिया एवं अपने कब्जे में लेकर हाइवा मालिक एवं चालक के ऊपर मुकदमा दर्ज किया गया। मामले को लेकर पुलिस की जांच पड़ताल जारी है।

## पुलिस ने अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त किया

**चतरा।** अवैध बालू खनन के खिलाफ पुलिस व खनन विभाग द्वारा लगातार अभियान चल रहा है, लेकिन फिर बालू माफिया अपने हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। प्रतिदिन अवैध तरीके से बालू का खनन कर रहे हैं। इसी बीच अवैध बालू खनन के खिलाफ एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में दल-बल के साथ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त किया गया। पुलिस ने दोनों ट्रैक्टर के चालक को गिरफ्तार किया। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि जब्त ट्रैक्टरों को सदर थाना पुलिस को सुपुर्द किया गया है। अग्रतर कार्रवाई सूचना खनन पदाधिकारी को दे दी गई है। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी कई बार उक्त ट्रैक्टरों को पकड़कर चालान काटा जा चुका है।

## ऐस ट्रैक्टर शोरूम का उद्घाटन हुआ

**चतरा।** शहर के भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मेंन ब्रांच के समीप ऐस ट्रैक्टर शोरूम का उद्घाटन रविवार को मंत्री सत्यानंद भोगता ने विधिवत पूजा-पाठ व फीता काटकर किया। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर उर्फ बिरजू तिवारी, युवा राजद झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष बिनोद भोगता, शोरूम संचालक जोंटी एवं कई वरिष्ठ लोग उपस्थित थे।

## नि:शुल्क नेत्र जांच व मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा पंचायत सचिवालय में रविवार को जनप्रतिनिधियों के पहल पर अन्नपूर्णा आई एवं जनरल हॉस्पिटल के द्वारा नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए लगभग 60 लोगों का नेत्र प्रशिक्षण एवं अन्य जाँच किया गया।मौके पर मुखिया मनोज साहू, मजदूर संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष मनोज यादव, बिससूत्री सदस्य दिलीप प्रसाद यादव समेत अन्य मौजूद हुए।

## जवाहर यादव का अनशन तीसरे दिन हुआ समाप्त

**चतरा।** झामुमो प्रतापपुर प्रखंड अध्यक्ष जवाहर यादव का अनशन तीसरे दिन हुआ समाप्त हो गया। पूर्व जिला परिषद सदस्य अरुण कुमार यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी मुरली यादव, अंचल अधिकारी जुल्फिकार अंसारी जूस पिलाकर अनशन समाप्त करवाया। उल्लेखनीय है कि प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष 25 नवंबर से अनशन पर बैठे थे। जिसके कारण उनका स्वास्थ्य गीरता जा रहा था। चिकित्सकों की टीम के द्वारा स्वास्थ्य जांच किया गया। चिकित्सको ने अनशन समाप्त कर अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी।

## विभिन्न कांड के दो अभियुक्त गिरफ्तार

**रमना।** पुलिस ने कांड संख्या 61/21 के नामजद प्राथमिक अभियुक्त रमना निवासी राजकुमार पासवान और कांड संख्या 108/22 के नामजद अभियुक्त विशुनपुरा थाना क्षेत्र के अमहर गांव निवासी कुंदन कुमार मिश्रा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में श्री बंशीार नगर भेज दिया। संबंित अभियुक्तो की गिरफ्तारी उनके घर से रमना पुलिस ने की है।

# गौकशी की घटना से नाराज ग्रामीणों ने खरौंधी थाना का किया घेराव, पांच आरोपी गिरफ्तार





थाना का घेराव करते समाज के लोग, जानकारी देते डीएसपी व गिरफ्तार आरोपी

खबर मन्त्र संवाददाता

**खरौंधी।** प्रखंड के चंदनी पंचायत के डेरवा टोला में शनिवार की रात्रि विशेष समुदाय के लोगों द्वारा गौकशी की घटना से नाराज हिंदू समाज के लोगों ने रविवार सुबह खरौंाी बाजार को बंद कराते हुए थाना का घेराव किया। हिंदू समाज के लोग गौकशी में शामिल आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। जानकारी के अनुसार खरौंधी थाना प्रभारी ने रात्रि में ही गौकशी में शामिल वार्ड सदस्य मनौवर अंसारी, अजमेर अंसारी, सजमेर अंसारी, मनौवर अंसारी के दामाद विसुनपुरा थाना क्षेत्र के पतिहारी निवासी मुख्तार अंसारी तथा नसरुद्दीन अंसारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं रविवार की सुबह बजरंग दल, आरएसएस, शिवसेना, भाजपा, स्थानीय जनप्रतिनिधि, अन्य राजनीतिक पार्टियों के अलावे सैकड़ों ग्रामीण खरौंधी बाजार में इकट्ठा हुए।

आक्रोशित लोगों ने इस घटना के विरोध में खरौंधी बाजार के सभी दुकानों को बंद कराया। खरौंधी बाजार से ही सैकड़ों की संख्या में जय श्री राम, हर हर महादेव, गौ हत्या बंद करो आदि नारे लगाते हुए थाना पर पहुंचे। जहां आक्रोशित लोगो ने थाना का घेराव किया। अक्रोशित लोगों ने थाना के पास केतार-खरौंधी मुख्य पथ पर ही बैठ गए। सूचना मिलने पर श्री बंशीधर नगर के डीएसपी प्रमोद कुमार केशरी, पुलिस इंस्पेक्टर राजेश कुमार, भवनाथपुर पुलिस इंस्पेक्टर चंदन कुमार सिंह खरौंधी थाना पहुंचे। थाना घेराव कर रहे ग्रामीणों को डीएसपी ने समझाते हुए जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। डीएसपी के निर्देश पर खरौंधी पुलिस ने गौकशी में शामिल मनौवर अंसारी के घर से जुलेखा बीबी एवं मैजून खातून को भी गिरफ्तार किया है। थाना का घेराव करने वालों में विहिप अध्यक्ष रामानंद मेहता, प्रमुख आभा रानी, विाायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, जितेंद्र प्रसाद यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष संयाकर विश्वकर्मा, उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, गोरखनाथ चौधरी, पूर्व अरंगी मुखिया शिव कुमार यादव, भाजपा नेता बसंत यादव, चंदनी मुखिया रामगहन मेहता, संतोष सिंह, खरौंधी मुखिया पति कृष्णा साह, विक्की यादव, अरविंद यादव आदि का नाम शामिल है।

**क्या कहते हैं जनप्रतिनिधि :** विहिप अध्यक्ष रामानंद मेहता, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, बीस सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक, संध्याकार विश्वकर्मा आदि ने बताया कि ये सभी आरोपी पूर्व में भी इस तरह की घटना को कई बार अंजाम दे चुके है।

ये सभी गाय के प्रतिबंधित मांस को बाहर ले जाकर सप्लाई करते थे। जिसकी भनक हमलोगों को थी। हमलोग इन लोगों को पकड़ने के लिए उसी समय से लगे हुए थे। जब शनिवार की देर शाम इन लोगों को गाय के बछड़े के साथ देखा था। हमलोगों को शंका हुआ और इनको पकड़ने के लिए गोलबंद हो गए। अगर प्रशासन इस मामले को गंभीरता से जांच करे तो इन लोगों के अलावे कई नाम और सामने आ सकते हैं।

**क्या कहते हैं प्रशासन :** श्री बंशीधर नगर डीएसपी प्रमोद कुमार केशरी ने बताया कि थाना में इस घटना में शामिल 15 लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस ने रात्रि में ही पांच आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सुबह में दो महिला को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य के लिए पुलिस छापामारी कर रही है जल्द ही उन्हे भी पुलिस गिरफ्तार कर लेगी।

# पत्थर खदान में हाइवा गिरने से चालक की दर्दनाक मौत

### जिला प्रशासन के टास्क फोर्स पर सवालिया निशान, खदान संचालक द्वारा घटना को दबाने का प्रयास

खबर मन्त्र संवाददाता





**कोडरमा।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार को चमारो स्थित एक पत्थर खदान में हाईवा गिरने से एक युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान कुंडीधनवार निवासी 28 वर्षीय ओम कुमार यादव पिता राजेन्द्र यादव के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक हाइवा जेएच12जे/5953 का चालक था, जो हाइवा लेकर पत्थर खदान से पत्थर लोड कर ऊपर आ रहा था। इसी दौरान 40 फीट ऊंचाई से नीचे गिर गया, जिससे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर अंचल निरीक्षक श्रीराम पासवान, नवलशाही थाना प्रभारी पंचम तिग्गा दल-बल के साथ घटनास्थल पर पंहुचकर शव को पत्थर खदान से बाहर निकाला। खदान पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता के ससुर भीम साव का बताया जा रहा है, जबकि खदान की गहराई लगभग 250 फीट है। वहीं हाईवा किसी नरेश ठाकुर नवलशाही निवासी का बताया जा रहा है। मृतक अपने मां-बाप का इकलौता पुत्र था, जिससे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। उल्लेखनीय हो कि पूर्व में भी उक्त खदान में कई बार हादसा हो चुका है। खदान के संचालक द्वारा खनन नियमों को ताक पर रखकर लगातार खनन किया जाता रहा है। वहीं परिजनों द्वारा मुवाआजा को लेकर कई घण्टों तक पुलिस को शव उठाने नही दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार खदान मालिक द्वारा परिजनों को 11 लाख मुवायजा दिया, जिसके बाद शव को पुलिस ने अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि नवलशाही थाना क्षेत्र में ऐसे कई खदान संचालित हैं, जहां आए दिन घटना घटते रहती है। घटना घटने के बाद खदान मालिकों द्वारा शव के लिए लाखों का सौदा कर परिजनों का मुंह बंद कर देते हैं। मौके पर डोमचांच अंचल निरीक्षक श्रीराम पासवान, थाना प्रभारी पंचम तिग्गा, एसआई कृष्णा राम दल-बल के साथ मौजूद थे।

**जिला प्रशासन का टास्क फोर्स पर सवालिया निशान :** एक तरफ जिला प्रशासन जिले में अवैध पत्थर खदानों के संचालन पर रोक लगाने के लिए टास्क फोर्स का गठन करती है और अवैध पत्थर खदानों पर अंकुश लगाने की पहल करती है, मगर प्रशासन की आंखों में धूल झोंक कर पत्थर माफिया अवैध खनन कर मोटी रकम कमाने में लगे हुए हैं। जबकि प्रशासन सिर्फ अखबारों और पेपरों पर ही सीमित रह जाती है। जिससे जिला प्रशासन की कार्यशैली पर एक सवालिया निशान लग जाता है।

## बंद घरों को टारगेट कर सामान की चोरी कर रहे हैं चोर

**मरकच्चो (कोडरमा)।** शादी विवाह अन्य कार्यो से घर में ताला बंद रहने पर आपकी लुटिया डूबो सकती है। चोर आजकल बंद घरों को टारगेट कर इन दिनों चोर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं और टोह मिलते ही बंद घर का ताला तोड़कर किमती सामानों की चोरी कर ले रहे हैं। ताजा घटना शनिवार की रात मरकच्चो प्रखंड के दक्षिण पंचायत स्थित ग्राम नादकरी में पुरानी मस्जिद के समीप दो बंद घरों में ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। वहीं नादकरी निवासी हाजी कमरुद्दीन मियां व रबुल अंसारी के बंद घरों का ताला तोड़कर कांसा, पीतल का बर्तन कीमती कपड़े व जेवरात की चोरी कर ली गई है। हाजी कमरुद्दीन मियां के घर पर कांसा पीतल के बर्तन व कीमती कपड़े आदि समेत अन्य सामानों की चोरी चोरों द्वारा की गई है।

## दो बाइक की टक्कर में एक बाइक सवार घायल

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत झंडा चौक ओवरब्रिज के समीप दो बाइक की टक्कर में एक बाइक सवार घायल हो गया। वहीं घायल की पहचान 24 वर्षीय पिंटू कुमार पिता बालो भुईयां ग्राम तिलैया बस्ती निवासी के रूप में हुई हैं। मिली जानकारी के अनुसार अपनी बाइक से बाजार से घर जाने के क्रम में झंडा चौक ओवरब्रिज के समीप दो बाइक टक्कर हो जाने से एक बाइक सवार युवक घायल हो गया, जिसके बाद आनन-फानन में ग्रामीणों की मदद से निजी क्लीनिक ले जाया गया। वहीं 108 की मदद से घायल को सदर अस्पताल लाया गया।

# गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा से निकाली गई प्रभात फेरी

### हिंद की चादर गुरु तेग बहादुर के जयकारे से गूंजा झुमरीतिलैया शहर

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** धन धन श्री गुरु तेग बहादुर के शहीदी पर्व को लेकर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से 4 बजे प्रभात फेरी निकाली गई, जिसका नेतृत्व प्रधान अवतार सिंह तथा सचिव यशपाल सिंह गोल्डन ने किया। प्रभात फेरी शहर के मार्गो से गुजरती हुई गुरुद्वारा गुरु नानक पुरा पहुंची, जहां प्रभातफेरी का स्वागत प्रधान बलबीर सिंह भाटिया, हरीश होरा, राजू अजमानी, सनी भाटिया, गुरजीत भाटिया, ने किया, वहां से प्रभातफेरी गुरुद्वारा कलगीधर साहिब पहुंची जहां स्वागत अवतार सिंह, संजु लांबा, ने किया। प्रभात फेरी में गुरु साहब द्वारा रचित नौवें महीले के श्लोक और शब्द कीर्तन सिमरन होता रहा, संगत द्वारा तेग बहादुर हिंद की चादर का जयघोष होता रहा।

शब्द कीर्तन करने वालों में गुरमीत सिंह, मनजीत कौकौर, रजनी कौर, सोनिया कौर, शामिल थे। प्रभात फेरी का समापन गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में हुआ, जहां संगत के लिए लंगर और चाय की सेवा की गई थी। सचिव यशपाल सिंह गोल्डन ने बताया कि मुख्य दीवान कल रात 7 बजे से होगा, जिसमें धर्म प्रचारक ज्ञानी गुरजीत सिंह संगत को सिख धर्म के बारे तथा गुरुदेव की शहीदी की कथा सुनाएंगे। प्रभातफेरी में सरदार तरनजीत सिंह, बब्बल सिंह, गुरमीत सिंह, सुरेंद्र सिंह, पप्पू जानू भाटिया, सनी भाटिया, नवजीत सिंह, हनुमान सिंह, सिमरन कौर, अमरजीत कौर, गुरमीत कौर, मुस्कान बग्गा, प्रिया सलूजा, श्रुति सलजा तथा सिख संगत के सैकड़ों स्त्री-पुरुष बच्चे शामिल थे।

# अफीम की खेती को पुलिस ने किया नष्ट



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा थाना पुलिस और वन कर्मी ने मिलकर नावाडीह और हेसातु के जंगलो में दस एकड़ में अवैध रूप से लगाए हुए अफीम की खेती को कुंदा पुलिस ने नष्ट कर दिया है।इसका नेतृत्व थाना प्रभारी परमानंद मेहरा कर रहे थे। इन्होंने ने बताया यह अभियान पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाया जा रहा है।आगे कहा कि जबतक खेती को नष्ट नही कर दिया जाता तब यह अभियान जारी रहेगा।

खेती करने वाले कभी बख्से नही जाएगे। उनके खिलाफ कानूनी एंव कठोर करवाई की जाएगी। खेती करना एक कानून अपराध है। जो खेती लगाए हुए हैं बो खुद नष्ट कर दे अन्यथा जेल जाने के लिये तैयार रहे।

# प्रतिबंध के बाद भी खुलेआम बिक रहा जर्दा गुटखा

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** प्रतिबंध के बाद भी तंबाकू युक्त गुटखा की धड़ल्ले से बिक्री हो रही है। लोगों को यह पैकेट बहुत ही आसानी से उपलब्ध हो रहा है। शहर से लेकर गांवों तक जगह-जगह इसकी दुकानें सजी हुई है। स्थिति ऐसी है कि चौक-चौराहों पर किसी भी पान ठेले या दुकान पर गुटखा आसानी से उपलब्ध हो जाएगा। थोक विक्रेता भी कानून को ताक पर रखकर गुटखा पाउच बेचने में लगे हैं। प्रशासनिक उदासीनता का आलम ये है कि दुकानदार अब जर्दा वाले प्रतिबंधित गुटखे को सामने ही टांगकर रखते हैं।

**कैंसर के साथ हृदय रोग का बड़ा कारण :** गुटखा खाने से ओरल सबम्यूकस फाइब्रोसिस की आशंका को बढ़ाता है इसमें व्यक्ति अपना मुंह पूरा नहीं खोल पाता है यह कैंसर से पहले होने वाला एक प्रबल रोग हैण इसके अलावा गुटखे में पाए जाने वाले तत्व पेट एसोफैगस मूत्राशय और आंत जैसे कई अन्य आंतरिक अंगों में भी कैंसर पैदा करने में सक्रिय भूमिका निभाते हैं। लंबे समय तक गुटखा उपयोग करने से स्ट्रोक और हृदय रोग के कारण मौत की संभावना बढ़ जाती है।



**अधिकारी झाड़ रहे अपनी जिम्मेदारी**

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सरकार ने इन्हीं स्वास्थ्यगत समस्याओं की वजह से प्रतिबंध लगाया गया है लेकिन चंद पैसों की लालच में दुकानदार खुलेआम मौत के इस सामान को बेच रहे है वहीं जिम्मेदार विभाग के अधिकारी भी सबकुछ जानने के बाद भी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

एक नजर में

## लीवर कैंसर से सीएसपी संचालक की मौत

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र निवासी बिरेन्द्र कुमार सिंह के इकलौते पुत्र 36 वर्षीय मुकेश कुमार सिंह की लीवर कैंसर से शनिवार की देर रात गढ़वा के निजी अस्पताल में मौत हो गई। मृतक पिछले डेढ़ वर्ष से लीवर कैंसर नामक बीमारी से जूझ रहे थे। उनका इलाज भिल्लौर, मुंबई, बनारस एवं दिल्ली के नामीगीरामी अस्पतालों में चल रहा था। अंततः शनिवार की रात मुकेश जिंदगी का जंग हार गया। इनकी असामयिक मौत से पत्नी, मां, पिता एवं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## एमओ ने की जन वितरण प्रणाली दुकानों की जांच

**मझिआंव।** अंचलाधिकारी सह एमओ रामजी प्रसाद गुप्ता ने प्रखंड क्षेत्र के जन वितरण प्रणाली दुकान के अयोग्य लाभुकों के द्वारा राशन का लाभ लेने के शिकायत के आलोक में लोगों के खिलाफ जांच किया। वहीं मिली प्राप्त सूत्रों से जानकारी के अनुसार बीरबंधा दुर्गा स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष संतरा देवी खुद राशन का लाभ ले रही हैं। जबकि पति के नाम जेसीबी, ट्रैक्टर, मोटरसाइकिल, पक्का मकान है। साथ ही मृतक व्यक्ति का भी राशन का लाभ लिया जा रहा है।

## पांच लाख रुपये की धोखाधड़ी, प्राथमिकी दर्ज

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के बुका-खरौंधी मोड़ निवासी शिक्षक इंद्रमणि प्रसाद गुप्ता ने भवनाथपुर थाना में आवेदन देकर परसोडीह निवासी उदय वैद्य के पुत्र राकेश वैद्य व गवाह राम सुंदर गुप्ता के पुत्र दिलीप गुप्ता पर जमीन बेचने के नाम पर पांच लाख रुपये लेकर धोखाधड़ी करने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। दिये आवेदन में इंद्रमणि ने कहा है कि राकेश वैद्य के द्वारा भवनाथपुर ढेकुलिया में दो कट्ठा जमीन बिक्री करने की बात किये, जिसमे एगारह लाख रुपये में तय हुआ था।

## आयुष स्वास्थ्य मेला में मरीजों की जांच कर दी गई दवा

**भवनाथपुर।** प्रखंड परिसर में दो दिनों तक आयोजित प्रखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला में 1930 मरीजों की नि:शुल्क इलाज कर दवा दी गई। मेला के अंतिम दिन रविवार को जिला आयुष पदाधिकारी डा कृष्ण कुमार तथा कार्यक्रम के संचालक आयुष चिकित्सक नितेश भारती स्टॉल ने कमान खुद संभालते हुए मरीजों के जांच में लगे हुए थे।

## पुराने भूमि विवाद में युवक की हत्या का आशंका

**चतरा।** हंटरगंज प्रखंड के लेंजवा पंचायत के कोसमाही गांव से 500 मीटर दूरी पर स्थित फुलवरिया जंगल से पुलिस के द्वारा रविवार की सुबह एक युवक का शव को बरामद किया गया है। मृतक युवक चिरौंजी यादव का 32 वर्षीय पुत्र अमरेश यादव है। मृतक के परिजनों ने बताया कि गांव के ही कुछ युवकों के द्वारा अमरेश को घटनास्थल पर बुलाया गया था। जहां उसका गला घोट कर हत्या कर दी गई। सुबह ग्रामीणों ने अमरेश के शव को जंगल मे देखा। जिसकी परिजनों और पुलिस को दिया। घटना की जानकारी मिलते थाना प्रभारी सनोज चौधरी दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घटना से संबंधित जानकारी लिया।

## हित चिंतक अभियान से जुड़े : प्रवीण चंद्रा

**कोडरमा।** हित चिंतक अभियान जिला में सघन रूप से चलाया गया। जिसमें हजारीबाग विभाग के विभाग पदाधिकारी के रूप में विभाग मंत्री मनोज चंद्रवंशी, विभाग गौ रक्षा प्रमुख अजय वर्मा एवं बजरंग दल विभाग संयोजक प्रवीण चंद्रा ने संयुक्त रूप से अभियान चलाया। वहीं बजरंग दल विभाग संयोजक प्रवीण चंद्रा ने कहा कि राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम हित चिंतक अभियान पूरे जिले में चलाया गया। जिसमें हिंदू समाज के सभी मान बिंदुओं की रक्षा करने में अग्रसर रहने वाले हिंदुओं को हित चिंतक अभियान में शामिल किया गया।

## स्कूल में मनाया गया संविधान दिवस

**डोमचांच (कोडरमा)।** मंजुला शर्मा मेमोरियल प्लस टू उच्च विद्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर उपस्थित शिक्षकों व छात्र-छात्राओं को संविधान के नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। इसके पूर्व बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान प्राचार्य रामप्रवेश पांडेय के द्वारा उपस्थित सभी लोगों को संविधान की प्रस्तावना को पढ़कर संविधान की शपथ दिलाई गई। वहीं प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए संविधान की महत्ता के बारे में जानकारी दी।

## पथलडीहा ने टूर्नामेंट क्रिकेट में मसनोडीह को हराया

**डोमचांच (कोडरमा)।** श्री शरदकालीन दुर्गा पूजा समिति मसनोडीह सिद्धेश्वर मेहता मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने फीता काटकर किया। उद्घाटन मैच पथलडीहा बनाम मसनोडीह के बीच खेला गया। जिसमें पथलडीहा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवरों में 245 रनों का एक बड़ा स्कोर खड़ा कर दिया। वहीं जवाबी पारी खेलते हुए मसनोडीह की टीम 221 पर ऑल आउट हो गई। वहीं मैन ऑफ-द मैच सौरव सिंह को मिला। मैच में अंपायर की भूमिका संजय मेहता व भोला मेहता तथा कॉमेंटेटर के रूप में अरुण कुमार, बबलू कुमार व दीपक पंडित थे।

## उप मुखिया ने गरीबों के बीच किया कंबल वितरण

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत रूपायडीह पंचायत के उप मुखिया चंदन कुमार ने गरीब, असहाय महिलाओं के बीच रविवार को दर्जनों कंबल का वितरण किया। उन्होंने बताया कि गरीब, असहाय, विधवा व दिव्यांगों के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है ताकि उन्हें ठंड लगने से बच सके। वहीं उप मुखिया चंदन ने कहा की ठंड से बचने के लिए गरीबों के बीच कंबल वितरण किया गया और यह भी कहा कि सरकार के द्वारा चलाए जा रहे सभी योजनाओं को पंचायत के एक-एक गरीब, असहाय, विधवा महिलाओं तक पहुंचाने का प्रयास करूंगा। मौके पर दामोदर सिंह, विशनि देवी, कुंती देवी, बसंती देवी, हिरया देवी, आशा मोसोमत, सुमित्रा कुमारी, जयसवा देवी, कार्तिक सिंह आदि कई लोग मौजूद थे।

## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में सात दिवसीय इन्टरनेशनल फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आइक्यूएसी के अंतर्गत सात दिवसीय इन्टरनेशनल फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम के चौथे दिन के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. बी. सी स्वेन ने परिचय भाषण में मुख्य वक्ता प्रोफेसर जी. विश्वनाथप्पा, हेड ऑफ एक्सटेंशन एजुकेशन, आरआई मैसूर का सभी से परिचय करवाया एवं उनकी उपलब्धियों की जानकारियां प्रदान की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रोफेसर जी. विश्वनाथप्पा के द्वारा नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 एवं अध्यापक शिक्षण पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का भी मुख्य वक्ता द्वारा संतोषजनक उत्तर दिया गया। आज के कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों एवं राष्ट्रों से प्रतिभागी जुड़े रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के अध्यक्ष मनीष कुमार कपसिमे, सचिव अविनाश सेठ एवं महाविद्यालय की उपनिदेशिका डॉ. संजीता कुमारी, श्वेता सिंह एवं महिमा कुमारी एसे विद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक उपस्थित थे।

## नशे में धुत व्यक्ति को पुलिस ने पहुंचाया सदर अस्पताल, नहीं हुई पहचान

**कोडरमा।** पुलिस ने शराब के नशे में धुत एक शराबी को रविवार दोपहर करीब 2 बजे सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां ऊसे भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। आपको बता दें कि कोडरमा पुलिस को सूचना मिली थी कि पंजाब होटल के समीप करीब 30 वर्षीय एक व्यक्ति शराब के नशे में धुत पड़ा है, सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर उक्त व्यक्ति को सदर अस्पताल पहुंचाया। खबर लिखे जाने तक व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई थी। पुलिस उक्त व्यक्ति की पहचान में जुटी है।

## स्पीड न्यूज

### शारीरिक दक्षता और आपसी भाईचारे को बढ़ाता है खेल : प्रकाश राम

**चंदवा।** मां उग्रतारा क्रिकेट क्लब नगर के द्वारा नगर हाई स्कूल के मैदान में कैनवास डे क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। रविवार को पूर्व विधायक प्रकाश राम ने फीता काटकर टूनार्मेंट का उदघाटन किया। मौके पर उपस्थित खिलाड़ियों व जनसमूह को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक प्रकाश राम ने कहा कि नगर गांव में खेलने युक्त एक बेहतर खेल स्टेडियम का निर्माण करवाने का प्रयास करूंगा। वर्तमान समय में खेल में भी कैरियर की असीम संभावनाएं हैं। खेल शारीरिक दक्षता और आपसी भाईचारे को बढ़ाता है। खेल आपको नेतृत्व शक्ति प्रदान करता है। मुखिया रंजीता एक्का ने कहा कि ऐसे आयोजनों से छुपी हुई ग्रामीण प्रतिभा बाहर निकलती है। मौके पर संजीव गुप्ता, मनीष पांडे, दिनेश पांडेय, आकाश,आयुष, मुकेश, अभय, पवन,लकी समेत बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

### डीआरएम के दौरे के तत्काल बाद टोरी जंक्शन में शुरू हुआ यात्री सुविधा दुरुस्त करने का काम

**चंदवा।** धनबाद रेल मंडल के डीआरएम आशीष बंसल के दौरे के बाद सीआईसी सेक्शन बरकाकाना बरवाडीह रेलखंड अंतर्गत टोरी जंक्शन में यात्री सुविधाओं को दुरुस्त करने का काम तेज हो गया है। स्टेशन स्थित टिकट बुकिंग काउंटर सह आरक्षण केंद्र के समीप टॉयलेट के गंदे पानी की निकासी की समुचित प्रबंधन का काम तेज हो गया है। डीआरएम पर जाते ही बड़ी तेजी के साथ जाम हुए ड्रेन की साफ-सफाई शुरू कर दिया गया। बता दें कि शनिवार को डीआरएम आशीष बंसल टोरी जंक्शन का का औचक निरीक्षण किया था जहां यात्री प्रतिकक्षालय की बदतर व्यवस्था व जंक्शन के समीप बह रहे शौचालय के गंदे पानी को लेकर जमकर फटकार लगाई थी व तत्काल विधि व्यवस्था व शौचालय की स्थिति को ठीक करने का काम निर्देश दिया था।

### अनियंत्रित होकर नहर में ट्रैक्टर पलटने से दो की मौत

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मुरपा ग्राम में अनियंत्रित होकर नहर में ट्रैक्टर पलट जाने के कारण ट्रेक्टर में सवार दो लोगों की मौत हो गई। घटना शनिवार देर रात की बताई जाती है। घटना के सबंध में ग्रामीणों ने बताया की बनर्जी उरांव 50वर्ष पिता कोढ़ा उरांव ग्राम बारा थाना बालूमाथ निवासी और प्रदीप उरांव 17 वर्ष पिता सीबराम उरांव सीरम थाना बालूमाथ निवासी दोनों बालूमाथ से ट्रैक्टर का सर्विसिंग करा कर वापस पंडरिया ग्राम जा रहे थे। इसी दौरान मुरपा ग्राम स्थित ढूठाबर के समीप ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी और पलट गयी। ट्रैक्टर पलटने के कारण दोनो ट्रैक्टर के नीचे दब गए और रात भर वही पड़े रहे। जिसके बाद रविवार सुबह ग्रामीणों ने ट्रैक्टर पलटा देख मामले की सूचना बालूमाथ थाना को दी। जिसके बाद मुरपा पिकेट प्रभारी मनोज मुर्मू घटनास्थल पहुंचकर हाईड्रा की मदद से ट्रैक्टर को नहर से बाहर निकलवाया और शव को बरामद किया। वहीं शव अंत्य परीक्षण के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं घटना की सूचना पाकर भगिया पंचायत मुखिया रोहणी देवी, मारंगलोइया सोना मनी देवी घटनास्थल पहुंची और मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया और पारिवारिक लाभ योजना के तहत दस-दस हजार रुपये तत्काल मदद दिया।

### पर्यवेक्षक अतुल कुमार एवं फदीर्नंद लकड़ा ने किया बूथ का निरीक्षण

**लातेहार।** मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत नगर पंचायत के सभी उन्नीस बूथों का निरीक्षण करते हुए पर्यवेक्षक अतुल कुमार एवं फदीर्नंद लकड़ा ने बताया की सभी बूथों में बीएलओ दिन भर रह कर प्रपत्र छह नाम जोड़ने के लिए प्रपत्र सात नाम हटाने के लिए प्रपत्र आठ नाम सुधार के लिए फॉर्म सिक्स बी आधार के जोड़ने के लिए आदि का कार्य किया गया। ज्ञात हो की अब वर्ष में चार तिथि फॉर्म भरने का निर्धारण चुनाव आयोग द्वारा कर दिया गया है। इसके तहत अक्टूबर 2005 तक जिनका जन्मतिथि है उनका बनाया जा सकता है। इस दौरान नसीरुद्दीन मिया शायदा बीबी मोहन प्रसाद, मीना देवी, ज्ञान प्रभा मिंज, रेणु देवी, सावित्री कुमारी, रेशमी कुमारी, सुनीता देवी, कालिंदी कुमारी, धनंजय पांडे, शुशील तिवारी, संजय दिवेधी, कुंती कुमारी, सुप्रियल कुजूर, मनोरमा देवी, रवि कुमार, कौशल कुमार आदि बीएलओ और ग्रामीण उपस्थित थे।

### धर्म के प्रति आदिवासी समाज के लोगों को जागरूक करना हमारा लक्ष्य : भगेश्वर

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित औराटांड़ गांव के धूमकुड़ीया भवन में दिन रविवार को सभा अध्यक्ष रामसहाय उरांव पड़हा बेल के अध्यक्षता में आदिवासी समाज के लोगों के द्वारा बैठक का आयोजन किया। बैठक की शुरूआत आदिवासी समाज के परंपरागत विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना के साथ की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आदिवासी समाज को अपने धर्म के प्रति जागरूक करना और समिति का चयन करना था। मौके पर भगेश्वर उरांव ने कहा कि आज हमारे आदिवासी समाज के लोग धर्म के प्रति जागरूक नहीं है। हम लोग कार्यक्रम के माध्यम से समिति का चयन कर गांव गांव जाकर धर्म के प्रति आदिवासी समाज के लोगों को जागरुक करने का कार्य करेंगे। मौके पर कोषाध्यक्ष रमेश उरांव ने कहा कि आज हमारे समाज को अपने धर्म के प्रति जागरूक होना बहुत जरूरी है। हम लोग आदिवासी परंपरा के अनुकूल पांचवी अनुसूची के तहत अपने समाज को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे जिसका हम लोगों ने आज शपथ लिया है। प्रखंड क्षेत्र के साथ-साथ अलग क्षेत्रों में भी जाकर धर्म के प्रति लोगों को जागरूक करना हमारा लक्ष्य है।

# विडंबना : रोशनी के लिए ढिबरी और लालेटन जलाते हैं नवरनागु के ग्रामीण

## आरोपः पैसों के साथ मुर्गा खाने की फरमाइश करते है विद्युत कर्मी, लोड शेडिंग के नाम पर अघोषित कटौती का सिलसिला जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



आक्रोशित नवरनागु के ग्रामीण

बरवाडीह। लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखण्ड अंतर्गत लात पंचायत के नवरनागु गांव के ग्रामीण विद्युत विभाग की मनमाने कार्यप्रणाली से त्रस्त और परेशान है। गांव में कई महीनों से बिजली नहीं है। जिस कारण यहां के लोग ढिबरी युग में जीवनयापन करने को मजबूर है। यहां के घरों में आज भी रोशनी के लिए ढिबरी व लालटेन जलता है। इसका बुरा दुष्प्रभाव बच्चों के शिक्षा पर भी पड़ रहा है। ग्रामीणों ने खबर मंत्र को बताया कि गांव में सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति बहाल करने को लेकर कई बार बिजली विभाग को इस समस्या से अवगत कराया गया। वहीं विभाग द्वारा कई बार विद्युत कर्मियों को गांव भेजा गया। बावजूद इसके अब तक आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विद्युत कर्मी जब भी गांव आते है, खर्च लेकर चले जाते है। यही नहीं पैसों के साथ वह चिकन खाने की भी फरमाइश करते है, जिसे गरीब ग्रामीणों द्वारा मजबूरी वश खिलाया भी जाता है। इसके बाद भी बिजली नहीं जलने पर एक दो दिन में आकर ठीक करने की बात कही जाती है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि विद्युत कर्मियों को बुलाने पर अक्सर कहा जाता है कि दो तीन मोटरसाइकल भेजिए तब आयेंगे। ग्रामीणों ने इसकी लिखित शिकायत विद्युत विभाग को हस्ताक्षर युक्त आवेदन सौप कर की है, और नवरनागू ग्राम में सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है।

**शहरी क्षेत्रों में मुश्किल से 12 घंटे हो रही है आपूर्ति :** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के शहरी क्षेत्रों में भी इन दिनों सर्दी के मौसम में बिजली की अनियमित आपूर्ति से उपभोक्ता परेशान हैं। यहां मुश्किल से 24 घंटे में मुश्किल से 12 घंटे विद्युत आपूर्ति की जा रही है। आखिर इतने घंटो तक विद्युत कि कटौती किस कारण की जा रही है इसका सटीक और संतोषजनक जवाब विभाग के पास नहीं है। विभाग के पास एकमात्र गिना चुना बहाना लोड सीडिंग और मेंटेनेंस वर्क है। प्रतिदिन रुक-रुक कर हो रही है बिजली की आंख मिचौली और घंटों कटौती से लोगों में विभाग के प्रति आक्रोश है।

## सरयू क्षेत्र के मुख्य सड़कों में मिट्टी मोरम बिखरे होने के कारण बाइक सवार के साथ लगातार हो रही है दुर्घटना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मुख्य सड़कों पर बिखरा पड़ा है, मिट्टी मोरम

**सरयू।** लातेहार से गारू जाने वाली मुख्य पथ में इन दिनों मिट्टी मोरम होने के कारण, बाईक सवारों को आवागमन के द्वारा दुर्घटना का शिकार होना पड़ रहा है। आपको बताते चलें कि नेटवर्क का पाइप जमीन के नीचे बिछाने के लिए रोड़ के किनारे से मिट्टी काट कर मुख्य सड़कों पर रख दिया जा रहा है। जिससे बाईक सवारों को आवागमन करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि जेसीबी मशीन से कोड़ा हुआ गढ़ा को, भरावट करने के द्वारा, मुख्य सड़कों से मिट्टी मोरम को सही तरीके से नहीं हटाया जा रहा है, जिसके कारण मिट्टी मोरम मुख्य सड़कों पर बिखरा हुआ है। जिससे लोगों को बाइक से आवागमन करने के द्वारा डर बनीं रहतीं हैं वहीं कितने बाईक सवारों ने गीर कर दुर्घटना का शिकार हो रहा है। शनिवार के रात्रि में सरयू निवासी मो० नन्हे ने अपने घर से बाईक में सवार होकर अपने दोस्त के यहां शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। इसी दौरान, सरयू स्वास्थ्य उपकेंद्र के समीप मुस्ताक खलीफा के घर के पास रोड़ में मिट्टी मोरम बिखरे होने के कारण ब्रेक मारने के दौरान बाईक से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं स्थानीय ग्रामीण सुदर्शन प्रसाद, मोहम्मद इरशाद, मो शफीक, दिलदार खलीफा, युसूफ मियां, रोहित कुमार, शशि कुमार, मिथुन कुमार समेत अन्य लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक मो नन्हे को टांग कर नजदीक स्वास्थ्य उपकेंद्र सरयू में बेहतर इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सा पदाधिकारी सुशीला कुमारी, एएनएम रीना देवी के देख रेख में इलाज किया गया। उन्होंने बताया कि मुंह में ज्यादा चोट लगने के कारण, मो नन्हे का दांत भी टूटा हुआ है। वहीं घायल युवक मो नन्हे को ट्रीटमेंट कर उसे घर भेजा गया। स्थानीय लोगों ने कहा की जब तक मुख्य पथ से बिखरा हुआ मिट्टी मोरम को साफ सफाई करके नहीं हटाया जाएगा तब तक, इसी तरह की घटनाएं और भी होने का आशंका हैं। वहीं आम लोगों ने मुख्य सड़कों में बिखरे हुए मिट्टी मोरम को हटाने की गुहार लगाई है।

## प्रज्ञा केंद्र संचालक नियमित रूप से करें ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कार्य : बीडीओ

### प्रज्ञा केंद्रों पर नि:शुल्क किया जा रहा है ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

### बीडीओ ने किसानों से की मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना का लाभ उठाने की अपील

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने प्रखंड के किसानों से अपील किया है कि जो किसान मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत अपना आवेदन अभी तक जमा नहीं कर पाए है। वह सभी तुरंत अपना आवेदन जमा करें, और किसी तरह की परेशानी होने पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी देवलाल राम या अपने नजदीकी कृषक मित्र से संपर्क करें। सभी कृषक मित्रों को किसानों का रजिस्ट्रेशन कराने में अपना पूरा सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए है। इसके अलावा किसान अंचल अधिकारी से संपर्क कर अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह अभियान अगले एक सप्ताह तक चलेगा। वहीं बीडीओ ने मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के लिए राज्य सरकार द्वारा जारी किए गए पोर्टल के बारे में जानकारी देते हुए बताया है कि पूर्व में झारखंड राज्य फसल राहत योजना के तहत जो आवेदन किए गए हैं, और जिनका ईकेवाईसी किया जा चुका है, उसका विवरण देने के बाद पोर्टल पेज पर उन्हें देखा जा सकता है। वहीं उन्होंने शेष बचे हुए आवेदनों का जिनका ईकेवाईसी एवं अन्य डॉक्यूमेंट अपलोड नहीं हुए हैं। उनके डॉक्यूमेंट अपलोड कराते हुए ईकेवाईसी कराने की बात कही। बताया कि मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत जारी किए गए पोर्टल पर किसान अपना रजिस्ट्रेशन देख सकते हैं। किसी भी सीएससी (प्रज्ञा केंद्र) पर किसानों का निशुल्क ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने के निर्देश प्रज्ञा केंद्र संचालकों को दिए गए हैं। किसान प्रज्ञा केंद्रों पर जाकर अपना ईकेवाईसी या रजिस्ट्रेशन करा लें। इसके बावजूद अगर किसानों की तरफ से किसी तरह की शिकायत मिली तो ऐसे प्रज्ञा केंद्रों पर सीधे कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्रेशन का कार्य नियमित रूप से किया जाना चाहिए।

## व्यवहार न्यायालय से कारगिल पार्क थाना चौक तक निकली प्रभातफेरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



प्रभातफेरी में उपस्थित पदाधिकारी व अन्य

**लातेहार।** नालसा नई दिल्ली और झालसा रांची के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा लातेहार अखिल कुमार के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को संविधान जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत व्यवहार न्यायालय परिसर से कारगिल पार्क थाना चौक लातेहार तक प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। कारगिल पार्क स्थित शहीद स्मारक पर माल्यार्पण किया गया एवं श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। इसके उपरांत जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव स्वाति विजय उपाध्याय के द्वारा भारतीय संविधान एवं मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य के संबंध में विस्तृत जानकारी उपस्थित लोगों एवं बच्चों को दी गई। इस अवसर पर संविधान की उद्देशिका का पठन सभी लोगों के द्वारा किया गया तथा संविधान के मूलभूत उद्देश्यों के अनुपालन का संकल्प लिया गया। इस पर अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार स्वाती विजय उपाध्याय, न्यायालय प्रबंधक राजीव रंजन, उप निर्वाचन पदाधिकारी बंधन लांग, स्थापना उप समाहर्ता मनोहर लाल मरांडी, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कंडुलना, कार्यपालक अभियंता अभय कुमार राय, पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी लातेहार चंद्रशेखर चौधरी, राजीव रंजन, बालक उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र पांडे एवं शिक्षक गण मनीष कुमार व्यवहार न्यायालय के कर्मचारी गण, एनसीसी कैडेट्स एवं सहिया आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम की समाप्ति पर धन्यवाद ज्ञापन डालसा सचिव स्वाति विजय उपाध्याय के द्वारा किया गया।

## दामोदर घाटी निगम के सौजन्य से डीही पंचायत को मिला ऐंबुलेंस, मुखिया को सौंपी चाबी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



ऐंबुलेंस की चाबी देते डीवीसी अधिकारी

**लातेहार।** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) ने डीही पंचायत को रविवार को एक एंबुलेस उपलब्ध करायी। तुबेद कोल माइंस परियोजना के मुख्य अभियंता जगदीश मांडीय ने डीही पंचायत की मुखिया प्रमिला देवी को एंबुलेंस की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी। इस दौरान पंचायत समिति उमर आलम एवं उप मुखिया रीना देवी भी मौजूद रहीं। साथ ही डीवीसी के अधिकारियों ने पंचायत भवन में जन प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों के साथ बैठक की। इस बैठक में गांव के विकास को लेकर चर्चा की गयी और सामूहिक भागीदारी सुनिश्चित कराने की अपील की गयी। पंचायत मुखिया ने डीवीसी के इस कार्य की सराहना की और आभार प्रकट किया।

वहीं मुख्य अभियंता जगदीश मांडीय ने कहा कि डीवीसी अपने सामाजिक दायित्वों के तहत परियोजना क्षेत्र में सीएसआर गतिविधि के तहत ही डीही पंचायत के ग्रामीणों को चिकित्सीय सुविधा के लिए एंबुलेंस उपलब्ध कराया गया है। इससे पहले नेवाड़ी पंचायत को भी एंबुलेंस दी गयी थी। इस कार्यक्रम में डीवीसी के अभियंता मनीष कुमार, मिथलेश कुमार, अमित चक्रपाणि मौजूद रहे। इसके अलावा जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी, पूर्व मुखिया संदीप उरांव, बॉबी हुसैन, रफी आलम, अयूब अंसारी, मंजर हुसैन, बिनोद उरांव, बालेश्वर उरांव, बिष्णु राम व अमीर हुसैन सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कांग्रेस भारत को एकजुट करने मे लगी है: पप्पू

बारियातू। प्रखंड के फुलसू पंचायत मे कांग्रेस प्रखंड अधयक्ष रीगन कुमार के नेतृत्व मे रविवार को कांग्रेस का भारत जोड़ो यात्रा निकाला गया। भारत जोड़ो यात्रा फुलसू पंचायत मुख्यालय से शुरू होकर मतकोमा, बारीबाद, बिरहोर टोला तक भ्रमण किया। भारत जोड़ो यात्रा में शामिल कांग्रेस जिला प्रभारी पप्पू पासवान ने कहा कि कांग्रेस भारत को एकजुट करने मे लगी है। पार्टी को मजबूत बनाने के लिए पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक पैंतीस सौ किमी की भारत जोड़ो यात्रा कर रहे है। इसी कार्यक्रम के तहत लातेहार जिले के सभी प्रखंडो के सभी पंचायतों में उपरोक्त कार्यक्रम किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष मुनेश्वर उरांव ने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार से जनता असुरक्षित व असहज महसूस कर रही है। आने वाले लोकसभा चुनाव में वर्तमान केंद्र सरकार को उखाड़ फेंकेगी। प्रखंड अध्यक्ष रीगन ने कहा कि कांग्रेस घर-घर जाकर कांग्रेस की नीति सिद्धांतो से अवगत करा रही है।

## मनिका थाना परिसर में शांति समिति के सदस्यों के साथ परिचयात्मक बैठक का आयोजन

# ग्रामीणों ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था की समस्याओं से नये थाना प्रभारी को करवाया अवगत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि व ग्रामीण जनता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित थाना परिसर में दिन रविवार को शांति समिति के सदस्यों के साथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरवाडीह दिल्लू लोहरा के नेतृत्व में.नए थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह से परिचय एवं क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु परिचयात्मक बैठक का कार्यक्रम आयोजन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम सभी ने नए थाना प्रभारी को अपना परिचय दिए और उनसे परिचय प्राप्त किए। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों के द्वारा थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं पुलिस प्रशासन को हर संभव सहयोग करने का संकल्प लिया गया। मौके पर डीएसपी दिल्लू लोहरा ने कहा कि लोग क्षेत्र से अपराधिक घटनाओं को खत्म करने में हरसंभव पुलिस प्रशासन का सहयोग करें हम लोग 24 घंटा आपकी सुरक्षा के लिए तत्पर हैं। मौके पर नए थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह ने कहा कि मेरे द्वारा क्षेत्र में अपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने का हर संभव प्रयास रहेगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील किया कि किसी भी तरह की समस्या होने पर तुरंत थाना को सूचित करें पुलिस प्रशासन के द्वारा आपकी हर संभव मदद की जाएगी।मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने नए थाना प्रभारी को थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्थाओं में हो रही समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र के पावर ग्रिड के समीप स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के आसपास हमेशा ही कुछ मनचले लड़के जमे रहते हैं। अगर वहां पर पुलिस की पेट्रोलिंग की जाती है तो बहुत ही अच्छा रहेगा। वहीं उन्होंने कहा कि बंदुआ रोड के पास वाहनों के जमा होने से हमेशा जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। अगर वहां से हटाकर सवारी वाहनों को स्टेट बैंक के आगे लगवाया जाए तो जाम की समस्या से निजात मिलेगी।वहीं उन्होंने मनिका प्रखंड क्षेत्र में दिन शुक्रवार को लगने वाली सप्ताहिक बाजार में जाम की स्थिति से अवगत करवाते हुए कहा कि बाजार के लिए अलग स्थान है फिर भी दुकानदार सड़क के किनारे अपनी दुकान लगाते हैं।

जिस वजह से हमेशा जाम होती है और दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। उन्होंने कहा कि बाजार को चिन्हित स्थान पर लगवाने की जरूरत है। सबसे अहम बात की बाजार में कुछ मनचले लड़कों द्वारा दुकानदारों से पैसे वसूलने का काम किया जाता है जो बिल्कुल गलत है। पुलिस प्रशासन को इस पर कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत है। मौके पर डीएसपी दिल्लू लोहरा,थाना प्रभारी भानु प्रताप सिंह,एसआई राजकुमार तिगा,एएसआई इंद्रजीत पासवान,प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी,ग्राम प्रधान भरत प्रसाद,पूर्व उप प्रमुख उमेश यादव,पूर्व प्रमुख गायत्री देवी,कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान,सुरेंद्र भारती,बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान,सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ राय,गंगेश्वर यादव,मुखिया सत्येंद्र सिंह,धनलाल उरांव,पूर्व मुखिया संजय सिंह,तस्लीम अंसारी,भाजपा अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष बबन पासवान,युवा समाजसेवी अख्तर अंसारी,समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

